रागशब्दस्याथद्वयं दर्शितं । तत् श्रीनन्दनन्दनतद्भक्तकारुण्यलब्ध. मिति ज्ञेयम् । अतस्तेन क्रमेण लोभ-व्रजलोकानुसारावाक्षिप्येत।

यथा वैणिकगां गीतिं विना वीणाभवा न सा।
तथा साधकरूपस्थां बिना रागानुगा न सा।।
सिद्धरूपगता ह्यत्र सन्देहो नैव विद्यते।
सिद्धरुपस्य सत्यत्वासत्यत्वाभ्यां विचारतः।।
तटस्थस्यापि रूपस्य ते स्यातां नात्र संशयः।।
आचार्य्य आन्तरस्फोटं तस्मिन्नेव प्रकाशयेत्।
यस्मिन् प्रकाशितः सोऽसौ तुल्यमेव व्रजेत्सदा।

आन्तरस्फोटोऽत्र रहस्य एव। वैदिकाविं दुरिति, पौराणिका भाव इति, आलङ्कारिका ध्वनिरिति, नाटकज्ञाः स्वगतमिति वैयाकरण आन्तरस्फोट इति वदन्ति सर्बेषां मतं तुल्यं, वहिः स्फोटातिरिक्तस्वात् तत्तू पदपदार्थातिरिक्तत्वात्। आकाशगुणशब्दस्य वहिः स्फोटातिरिक्तस्य केचित् पूर्बावस्थामाहुः केचित् परावस्थामाहुः। आन्तरस्फोटो द्विधा, कविनिवन्धगतः कविगतश्चेति। रहस्यान्तरस्फोटो वहिस्फोटश्चेति। "तदा खेदो जायेत ग्रन्थकृत्मर्य्यादालंघनात्। "श्रुत्या चात्रानुमानेन यत् प्रात्यक्षं विरुध्यते। ऐतिह्यं च क्वचित्तत्र भाबो ज्ञेयः सुबुद्धिभि"रित्यत्र भावो रहस्यान्तरस्फोटः। स च तद्द्वये सति स्यात् सहीतिनिश्चयेन श्रीव्रजजनभावप्रापकरागानुगाया दुर्लभत्वाल्लोक उभयसाधनभ्रष्टः सन्नुच्छृङ्खलो भवेत्। तस्मादाचार्येण यद् यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तादेवेतरो जन' इति हेतोः कानिचिद्रागानुगांगव्यतिरिक्तानि वैध्याङ्गत्वेन प्रतीयमानानि तटस्थरूपेणाचरणानि करणीयानीति। आरोप आन्तरस्फोटः अतएव केवलान्तर्दशायां सत्यां सिद्धरूपमित्यान्तरस्फोटः। एतौ रहस्यौ, यस्य लोभो जातः केवलान्तर्दशा च मध्ये मध्ये जायते, तस्यैव

रहस्यान्तरस्फोटो वहिः स्फोटो न स्यात्। अपेक्षितं किञ्चित् स्फुटीकरणं प्रथमेति अन्यसाधनत्रयस्यैतद्व्यतिरेकसिद्धत्वात्। इष्ट इत्यादि "रागानुगाविवेकार्थमादौ रागात्मिकोच्यते" इति वाक्यात्। आविष्टतेति रागानुगाकरणस्य दुष्करत्वात् भेदद्वयमिति स्वीकारायेत्यत्र—भेदद्वयं सेवायाः भेदद्वयमिति मानस्याः सेवायाश्चेष्ठितत्वाविवक्षया रागाभिन्नत्वविवक्षातः साधकरूपेण च मानसीसेवा दर्शितेत्यत्र मानसीसेवा द्विधा आरोपस्फूर्त्तिभ्याम्। लुब्धैरित्यादि तद्द्वये सति स्यात् सहीति अस्य प्रमाणमत्र लिखितत्वात्तत्र पुनर्न लिखितम्। लुब्धैरित्यादौ कामानुगायां न वेशमनुकुर्य्यादितिध्वनिः, कामानुगाया मुख्यत्वेऽपि सम्बन्धानुगायामुपदेशो व्यञ्जकः, भावचेष्टिनमुद्रयेत्यत्र भावो मानस्याविष्टता वस्त्रालङ्कारैकतरभृतस्वगतरूपा जहत्स्वार्थलक्षणासिद्धाभावमुद्रया दुष्करत्वात्। लक्षणा-प्रयोजनवती प्रयोजनं मानस्या आविष्टताया भावेन सहाभेदकथनम्। अत्रासंलक्ष्यब्यंग्यक्रमध्वनिर्न स्यात् किन्तु संलक्ष्यब्यंग्यक्रमध्वनिः स्यात्। रागात्मिकालक्षणे आविष्ठताया अनुवादत्वमजहत्स्वार्थलक्षणया। साच तत्र तत्स्वरूपज्ञापनांशस्य सद्भावेऽप्यनुकरणा र्हतत्कार्य्यस्वरूपज्ञापनांशसद्भावात्, आविष्टताया अजहत्स्वार्थालक्षणाश्रयत्वेन तत्कारणभावगताजहत्स्वार्थ लक्षणावियत्वं व्यज्यते। तेन विधेयस्यापि —अजहत्स्वार्थ-लक्षणाश्रयत्वं व्यज्यते। तेन विधेयरागचेष्टितस्यापि विधेयत्वमायातम्। लुब्धैरित्यत्रोत्तमकाव्यत्वं ध्वनिसद्भावात्। इष्टे इत्यत्रोत्तामकाव्यत्वम् ध्वनन–प्रतिध्वननानुध्वननसद्भावात्। तत्तद्भावादिमाधुर्य्ये इत्यत्र लोभानुमाने माधुर्य्यपेक्षणं व्यतिरेकहेतुः। शास्त्र-युक्तियनपेक्षणमैकान्तिकहेतुः। एतौ हेतू-प्रसाध्यांगे तथापि प्रत्यक्षप्रमाणसिद्धैतत्कार्य्यचेष्टाभेदविवक्षया दर्शितौ, तल्लोभोत्पत्तेर्लक्षणं चिन्हमितिवक्तव्ये स्वरूपमित्यत्राभेदविव-

क्षया । अत्र व्यतिरेकप्रदर्शनमित्यान्तरस्फोटः ।

यथा नैर्गिकचित्तस्था गीतिरिति प्रत्यायकः ।
प्रेमा यथा सतो दोषान् निराकृत्य सतो गुणान् ।
विषये स्फोरयत्येवं सतोऽपि गुणसञ्चयान् ।
आरोपं च निराकृत्य स्वाश्रये दोषसञ्चयान् ॥
दैन्यं स्फोरयति क्वापि तदा ताटस्थ्यमेव हि ।
या ते इत्यस्य पदद्वयस्यास्वादनं पञ्चसु क्वचित् ॥
दशासु स्यात् कदेत्यस्य पदद्वयस्यात्र न संशयः ।
पूर्णमारोपस्फूर्त्तिभ्यां द्विविधं स्याद्विचारतः ।
लोभस्य साधुसंगस्य सद्भावाद्व्रजेनेऽपि हि ।
तयोर्दशयोरादद्याया स्थायितां न विवक्षितम् ।
सिद्धरूपस्य संभूतिः केवलान्तर्दशां विना ।
नानूमेया विना तान्तु केवलो नहि सम्भवेत् ।
ब्रजलोकानुसारस्तं विना रूपकृपा कुतः ।
प्रातिलोम्येन विज्ञेयः प्रयोगोऽत्र मनीषिभिः ।
दशा--चतुष्टयं ह्यस्या वाह्यादिफलमुच्यते ।
रागानुगाविबृतेस्तद्विना नैषा प्रयोजिका ।
सिद्धान्तकथनादौ यत् कृष्णैश्वर्य्यं प्रकाशयेत् ।
व्रजेन्द्ररतिमूलं तज्ज्ञानं भक्तौ तदुत्थितम् ।
रसो द्विधा प्राकृतश्चाप्राकृतश्चेति तत्र हि ।
प्राकृते वत्सलत्वादिः स्वेदेहरतिमूलकम् ।
अप्राकृते देहरतिर्वत्सलत्वादिमूलका ॥

समञ्जसादेहरतिसमाधानकरैर्जनैः ।
समाधेया देहरतिर्द्वितीयादिदशात्रये ॥

पाद्मोत्तरखण्डे—

यथा धृत्वा शुनःपुच्छं तर्त्तुमिच्छेत् सरित्पतिम् ।
तथा त्यक्त्वा हरिं देवमन्योपासनया भवेत् ॥

इतिश्रीरूपकविराजगोस्वामिविरचितं
श्रीरागानुगाविवृतौ परार्द्धम् ॥

॥ समाप्ता चेयं रागानुगाविवृतिः ॥

ऐशबुद्धिवासितात्मलोकवृन्ददुर्ल्लभा
व्यक्तरागवर्त्मरत्नदान-विज्ञवल्लभा ।
सप्रियालि-गोष्ठपालि-केलिकीरपञ्जरा
मामुरीकरोतु नित्यदेह-रूपमञ्जरी ॥

(साधनदीपिकायाम्)

प्रकाशकः—
बाबा श्रीकृष्णदासः

सम्पादकः—
श्रीहरिदासशास्त्री
न्यायाचार्यः, नवतीर्थः, बिद्यारत्नम्

★

* श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम् *

रागानुगाविवृतिविनोदिनी

प्रणम्य गोपिकाकान्तं गौराङ्गं श्रीगदाधरम् ।
विनोदिनीति टीकेयं भाषया क्रियते मया ॥

****

निखिल-कविकुल-कुमुदचन्द्र-श्रीमानूरूपकविराज-निखिल-पुरुषार्थ-शिरोमणि-प्रतिपादक-ग्रथरत्न की निर्विघ्न परिसमाप्ति के लिये शिष्टाचार-परम्परा के अनुसार वस्तु निर्देशरूप मङ्गला-चरण करते हुये कहते हैं कि–मैं दातों से तृण को दवाकर पुनः पुनः यही प्रार्थना करता हूँ कि जन्म जन्म में श्रीमद्रूपगोस्वामी चरण-कमल की धूली बनूँ ।

अभिप्राय यह है कि–श्रीराधाप्राणबन्धु की ब्रजलोकानु-सार प्रेमसेवा ही निखिल पुरुषार्थ शिरोमणि है, यह प्रेमसेवा का प्रदाता श्रीरूपगोस्वामी चरण हैं । उनके आनुगत्य के बिना कदापि श्रीराधाप्राण बन्धु की प्रेमसेवा नहीं मिल सकती। इस लिये स्वयं आचरण करते हुए उक्त प्रेमसेवा–लिप्सु साधकों को निर्देश कर रहें कि–उक्त प्रेमसेवा लाभ करने का एक मात्र उपाय है निष्कपटता के साथ एकान्त रूप से श्रीरूप–गोस्वामी के चरण-कमलों का आश्रित होना ।

पुरुषार्थ शिरोमणि श्रीराधा-प्राणबन्धु की प्रेमसेवा-प्राप्ति का उपाय निर्देश के बाद प्रस्तुत ग्रन्थ का विचार्य विषय का आरम्भ कर रहे हैं।

पुराणों में श्रीकृष्ण का ब्रज, मधुपुरी, द्वारका, तथा गोलोक यह चार धामों का वर्णन है। अब उन २ धामोंकी प्राप्ति के लिये तदनुसार साधन की भी अपेक्षा है अर्थात् केवल माधुर्यानुभवी साधकगण ब्रज-भौमवृन्दाबन को प्राप्त होते हैं, ऐश्वर्यमिश्र-माधुर्यानुभवी भक्तगण मधुपुरी व द्वारका धाम को प्राप्त होते हैं, माधुर्यमिश्र-ऐश्वर्यानुभवी भक्तगण महावैकुण्ठ परव्योम गोलोक को प्राप्त होते हैं, और केबल ऐश्वर्यानुभवी भक्तगण बैकुण्ठ को प्राप्त होते हैं।

गोलोकधाम गोकुल का वैभव विशेष है। श्री वृन्दाबन में श्रीगोलोक-धाम का दर्शन उन्हीं भक्तों के लिए है जो कि ऐश्वर्य-ज्ञान से भजन करते हैं। श्रीमद्भागवत् शास्त्र के अनुसार शुद्धमाधुर्यभाव से जो लोक उपासना करते हैं, उनके लिये श्री-गोकुल वृन्दाबन धाम है और यह भौम-वृन्दाबन धाम केवल उपासना स्थान ही नहीं है बल्कि परम प्राप्ति स्थान ही है।

अतएव साधनचतुष्टय के बीच में प्रथम मुख्यसाधन का जिससे श्रीवृन्दावन धाम की प्राप्ति होती है उसका विशेष रूप से प्रदर्शन कर रहा हूँ।

लक्षणा के बिना लक्ष्यवस्तुकी प्राप्ति नहीं होती है, अतः लक्षणा के द्वारा परम साधन रागानुगाभक्ति का प्रदर्शन के लिये पहले रागात्मिकाभक्ति काल क्षण बर्णन करते हैं। अर्थात् अनुकार्य-ज्ञान के बिना अनुसरण का ज्ञान होना असम्भव है. अतः रागा-नुगाविवेक के लिये पहले रागात्मिका स्वरूप को दिखाते हैं।

इष्टे-अर्थात् अपना अभीप्सित प्रेम के विषय श्रीनन्द-नन्दन में, स्वारसिकी-स्वाभाविकी, परमाविष्टता-कायिकी-वाचिकी-मानसी चेष्टा,वह राग है। तन्मयी-वह रागमात्र से प्रेरित जो भक्ति है,वह रागात्मिका शब्द से कहीजाती है। इष्ट में गाढ़-तृष्णा स्वरूपलक्षण है और इष्ट में स्वारसिकी परमाविष्टता तटस्थलक्षण है।

यहाँ पर आविष्टता राग की कार्यरूपा है, उस आविष्टता का तटस्थ लक्षणा के द्वारा जो अनुवाद किया गया है,वह विशेष चेष्टाओं को ग्रहण करने के लिये है।

वह चेष्टा कायिक-वाचिक यह दोनों से ही है। यह दो भेद भी ब्रजलोक के अनुसार होना आवश्यक है। इस प्रकार भक्ति ही मुख्या भक्ति है, और उसके द्वारा ही श्री ब्रजेन्द्र-नन्दन की प्राप्ति होती है। यह न होने से श्री ब्रजेन्द्रनन्दन की प्राप्ति ही नहीं होगी।

रागात्मिका में श्रीकृष्ण के अदर्शन होने से अनुराग के द्वारा मन आविष्ट हो जाने पर अपने-अपने स्वभाव के अनुकूल चेष्टा भी होती है। इसलिए उसके अनुसार रागानुगा में भी साधक-रूप से और सिद्ध-रूप से प्रत्येक के कायिक-वाचिक-मानसिक यह तीन तीन प्रकार चेष्टाएँ होंगी।

वाग्गता तथा कायगता जो आविष्टता है, उसका कार्य ही मनोगता आविष्टता है। उसीको स्वगतादिरूपा कही गई है। यहाँ पर आविष्टता भी मनोगता-वाग्गता-कायगताभेदसे तीन प्रकार है

अब रागानुगा का लक्षण कहते हैं। ब्रजवासीजना-दियों में-"गोमृग-शुकादियों में" प्रकाश्य भाव से विराजमाना

जो भक्ति वह रागात्मिका है। इस रागात्मिका की अनुगता भक्ति ही रागानुगा है।

रागात्मिका भक्ति दो प्रकार की है। सम्बन्धरूपा तथा कामरूपा। सम्बन्धरूपा का लक्षण यह है–जिससे श्रीगोविन्द के प्रति लाल्यत्वादि और अपने में पितृत्वादि अभिमान रहता है। इस लक्षण में भी पितृत्वादि अभिमानिता अर्थात् पितृत्वादि अभिमान कार्यरूपा होजाना स्वाभाविक परमा मनोवाक् कायकी आबिष्टंतारूप है।

अतएव सम्बन्धानुगा की अनुसरण-कारिणी भक्ति भी साधक तथा सिद्धरूप से प्रत्येक–सेवा कायिक–वाचिक–मानसिक तीन प्रकार की होगी। मज्जनगण उसी को सम्बन्धानुगा कहते हैं। जिस भक्ति का सम्बन्ध–मनन ब आरोपन ही स्वरूप है।

कामरूपा भक्ति का लक्षण यह है- जिस प्रेममयी भक्ति में सम्भोग–तृष्णा को तथा 'अंग संगादि विषयक स्वसुख-वान्छा –रागात्मिका रूप से स्वीय सारूप्य की प्राप्ति कराती है। जिस लिए इसमें संभोगतृष्णा का उपाय में भी श्री-कृष्णसुख के लिए ही सर्वत्र चेष्टा रहती है।

गोपीगणों की प्रेम-विशेष को ही काम शब्द से कहा गया है। काम तथा प्रेम में बहुत अन्तर है। काम अन्धतम है और प्रेम निर्मल भास्कर स्वरूप है।

इस लक्षण से भी कामरूपा–कामकार्यरूपा, स्वारसिकी-परमा–मन-काय की आविष्टतारूपा है। इसलिए, कामानुगा में भी उसके अनुसार साधक तथा सिद्ध रूपसे प्रत्येकभक्ति मानसी–वाचिकी–कायिकी–रूप से तीन तीन प्रकार की होगी।

कामानुगालक्षरण–कामरूपाभक्ति की अनुगामिनी जो तृष्णा वह कामानुगा भक्ति है। वह सम्भोगेच्छामयी तथा तत्तद्भावेच्छात्मिका भेद से दो प्रकार है। यहाँ पर सम्भोगेच्छा उसका कार्यरूपा युथेश्वरी-गत-स्वारसिकी-परम मनो वाक्-कायाविष्टतानुसारिणी साधकरूपसे तथा सिद्धरूपसे कायकी-वाचिकी-मानसी एवं तीन तीन प्रकार प्रत्येक ही है। तत्तद्भावेच्छा भावचेष्टित का उपलक्षरण है जो भावचेष्टित मुद्रया इस प्रमाण से पाया जाता है।

इसलिए—तत्तद्भावेच्छा तत्कार्यरूपा श्रीरूपमञ्जर्यादि की स्वारसिकी परम मनो-वाक्-काय–आविष्टता अनुसारिणी है। साधक तथा सिद्ध रूपसे प्रत्येक कायिक-वाचिक-मानसिक-यह तीन तीन प्रकार हैं।

श्रीजीवगोस्वामी चरण के मत में-सम्भोगेच्छामयी-काम प्राया की अनुगता और निजनिज अभीष्ट-ब्रजदेवियों की भाव–विषयिणी-इच्छा जिस रागानुगा की प्रबर्त्तिका है वह मुख्या कामानुगा है। श्रीमद्भागवत के १०–८७-२३-–श्लोक पर व्रजस्त्रीगण कामरूपा का उदाहरण स्थल है एवं श्रुतिगण कामनुगा का उदाहरण स्थल है। अर्थ यह है कि मुनिगण, प्राण-मन-व इन्द्रियादि को निरोध करके दृढ़योग युक्त होकर हृदय में जिस ब्रह्म तत्त्व की उपासना करते हैं जिसकी प्राप्ति के लिये सम्भावना ही नहीं है, शत्रुगण ने श्रीभगवान् के स्मरण प्रभाव से वही तत्त्व को लाभ किया है। नित्यप्रेयसी श्रीराधादि गोपीगण ने सर्पराजदेह के सदृश भुजदण्ड की प्रति प्रगाढ़ लालसा को बहन करते हुए—श्रीचरण कमल की सुधा–-प्रेम मयमाधुर्यराशि की प्राप्त की है, हम सब श्रुतिगण ने भी उनसबों का सम भावापन्न होकर आनुगत्य के द्वारा व्यूहान्तर में गोपी देह को पाकर आपकी चरण सुधा को लाभ किये है।

भक्तिरसामृतसिन्धु को टीकाकार श्रीमुकुन्ददासगोस्वामी इस श्लोक की टीका पर कहते हैंकि–'सम्भोग' शब्द से श्रीकृष्ण

को सुख देनेके लिए उनके साथ श्रीराधादि यूथेश्वरी गणों का अङ्ग-सङ्गादि का अनुभावक प्रेम विशेष ही को जानना होगा।

इस प्रकार प्रेम विशेष वाली नायिका भावरूपा अभिलाष रूपा जो भक्ति है वह ही सम्भोगेच्छामयी है। और उन ललिता पद्मादि व्रजदेवियों का जो भाव है अर्थात् श्रीकृष्ण के साथ श्रीराधा चन्द्रावली प्रभृति का अङ्ग सङ्गादि के विषय में सहायता करना ही अपना अतिशय सुख है यह मान कर नायक–नायिका का आकर्षक जो सखीभावस्वरूपा भाव विशेष है, उससे ही अभिलाषमयी जो भक्ति है-वह ही तत्तद्भावेच्छात्मा है।

श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्ती के मत में-कामरूपा की अनुगता तृष्णा ही कामानुगा है। पूर्वोक्त कामरूपा पद से जैसे काम प्रेरित क्रियाविशेष को ही लक्ष्य किया गया है। वैसे इस स्थल में भी साधकभक्त-निष्ठ तृष्णापद से काममय-तृष्णा द्वारा प्रेरित क्रिया को ही समझना होगा। ऐसा होने पर व्रजसुन्दरीनिष्ठ कामप्रेरित क्रिया की अनुगता अर्थात्-अनुसारिणी जो साधक-भक्त निष्ठ कामप्रेरित क्रिया वह ही कामानुगाभक्ति मानी जावेगी। यह क्रिया दो प्रकार की है। भावनामयी मानसी, एवं परिचर्यामयी वहिरिन्द्रियव्यापारसाध्या है।

इस स्थल में यह आशंका होती है कि व्रजसुन्दरियों की क्रिया के अनुसार साधकभक्त के लिए सब क्रिया का विधान होने से गोपीगणों की अनुष्ठिता सूर्यपूजा का अनुकरण शुद्ध-भक्तगण क्यों नहीं करते हैं? सूर्यपूजा करने से क्या शुद्धभक्ति की हानि होगी? और भी-गोपीगण ने जिसका अनुष्टान

नहीं किया है अथ च श्रीरूपगोस्वामी आदि महानुभाव—गणके अनुष्ठित एकादश्यादि व्रतको साधकभक्त भी करते हैं।

इसका उत्तार यह है कि इस प्रकार प्रश्न ही नहीं हो सकता। क्योंकि अनुगामो-शब्द का अनुसरणीय अर्थ नहीं होता है, किन्तु गोपियों के आनुगत्य से चलना ही अथ होता है। गोपियों की सब क्रिया को ही समग्रभाव से करना कर्तव्य नहीं है।

सम्भोगेच्छामयी शब्द से यूथेश्वरी की भाँति स्वतन्त्र रूपसे श्रीकृष्ण के साथ सम्भोगेच्छा-प्रेरिता पूर्वोक्त भावनामयी व परिचर्यामयी क्रिया ही कहना होगा। इसका उदाहरण चन्द्रकान्ति प्रभृति हैं।

और निज निज अभीष्ट ब्रजदेवियों की श्रीकृष्ण-विषयक भाव विशेष की आस्वादनमयी इच्छा ही जिस भकित की प्रवर्त्तिका है, बह ही मुख्यनायिका-भाबाभिलाष स्वरूपा है, और सखीस्बरूप ब्रजदेबीगण की भाब माधुर्य कामना को ही तत्तद् भावेच्छात्मिका सखीभाबाभिलाषस्बरूपा कही जाती है। रागात्मिकाभक्ति कामरूपा तथा सम्बन्ध रूपा भेद से दो प्रकार होने के कारण तदनुगता भक्ति भी कामानुगा ब सम्बन्धानुगा भेद से दो प्रकार है।

रागानुगा की परिपाटी :—

निजप्रियतम किशोर श्री नन्दनन्दन की एवं इस प्रकार श्रीकृष्ण के ही भक्तजन, अथच साधक के सजातीय भाब-युक्त व्यक्ति को भी स्मरण करते हुए, सामर्थ्य रहने पर शरीर के द्वारा श्रीवृन्दावन में नित्य बास करते हुए, सामर्थ न रहने से मन से भी श्री बृन्दाबन में नित्यवास करें।

साधक रूपसे अर्थात् यथाबस्थित देह से ब्रज में अथवा अन्यत्र अबस्थित देह से, एवं सिद्धरूप से—अन्तश्चिन्तित

अभीष्ट—तत् सेवीपयोगी देह से,ब्रज में ही वास करने की निष्ठा रखकर—उस ब्रजस्थ–निजाभीष्ट –श्रीकृष्ण की रति विशेष—लाभेच्छु व्यक्ति,व्रजलोकगणों का—श्री कृष्ण प्रेष्टा-श्री,राधा–चन्द्रावली,--ललिता—विशाखा—तथा रूपमञ्जरी-प्रभृति एवं उन सवों का अनुगत श्रीरूप—सनातन गोस्वामी प्रभृति का अनुसरण करके,किन्तु'अनुकरण करके नहीं'सेवा करें। सिद्धरूपसे मानसीसेवा--श्रीराधा–ललिता आदि का आनुगत्य से, एवं साधक रूप से दैहिक आदि की सेवा श्रीरूप-सनातनादि--ब्रजवासि गण के आनुगत्यसे करना ही कर्तव्य है।

यहाँ पर विशेष स्मरण रखने की बात यह है कि-'अनुसरण' शब्द का अर्थ अनुकरण नहीं है। तात्पर्य से मिलन तथा भाव साजात्य ही, इस पदसे ध्वनित होता है।

व्रजलोकपद से व्रजरूप श्रीराधा–चन्द्राबली प्रभृति को ग्रहण करके उन सबों का अनुकरण से, साधकदेह से कायिक-वाचिक सेवा भीकरना कर्तव्य है। गोपीगण ने, जबकि श्रीगुरु-पादाश्रय–एकादशीव्रत-शालग्राम तथा तुलसी—सेवादि का आचरण नहीं किये है, तव वह आचरण, हम लोगों के लिए भी नहीं है, इस प्रकार सिद्धान्त अशास्त्रीय है।

श्रवण--कीर्तन आदि वैधी भक्ति तथा श्रीगुरुपदाश्रयादि जो सब भक्तांग का कथन हुआ है रागानुगाभक्ति में भी उन उन अङ्गोंकी उपयोगिता तथाअपेक्षा रहतीहै। मनोषिगण स्व स्व भावोचित अङ्ग समूह का आचरण करें किन्तु उसके विरूद्ध आचरण न करें। भाव-विरुद्ध अर्चनमार्ग में अहंग्रहोपासना,-मुद्रा—न्यास—प्राणायाम–द्वारकाध्यान—तथा रूक्मिणी आदि की पूजा आगमशास्त्र में बिहित होने पर भी इस भक्तिमार्ग में वह अकर्त्तव्य है। भक्तिमार्ग का यत् किञ्चित् अङ्ग वैकल्य होने पर भी कोई दोष नहीं होता है।

यहाँ पर सिद्ध-रूप से मानसी-वाचिकी तथा कायकी सेवा कही गई हैं और साधक-रूप से मानसी-सेवा भी कही गई। "तत्तत्कथारत होकर" इस बचन से साधक रूप से कीर्त्तन-श्रवण के द्वारा कायिकी-वाचिकी सेवा सूचित हुई है एवं "ब्रज में वास करें" इस वचन से साधकरूप से कायिक-सेवा सूचित हुई है। रागानुगा-भक्ति के अधिकारी—

केवल रागात्मिका-भक्ति में निष्ठाप्राप्त ब्रजवासीजनों का श्रीकृष्ण के प्रति जो भाव है उस प्रकार भाव प्राप्ति के लिये लुब्धव्यक्ति ही इस रागानुगा-मार्ग के अधिकारी है। यहाँ पर एक शब्द का प्रयोग है। उससे महिमज्ञान-प्रयुक्त आवृत-स्नेह तथा द्वारकादिस्थ नित्य-सिद्ध परिकरों का व्यावृत्त हुआ है। बात्सल्य तथा सख्यादि-भाव में लुब्ध साधकगण ब्रजेन्द्र तथा सुबलादि की भावचेष्टा का अनुभाव एवं मुद्रा-परिपाटी को ग्रहण करके, परन्तु ब्रजेन्द्रत्वादि का अभिमान न करके साधक तथा सिद्धदेह से श्रीकृष्ण की भक्ति-सेवा करें।

पितृत्वादि अभिमान दो प्रकार से है, अस्वतन्त्र भाव से अर्थात् आनुगत्य से एवं श्रीकृष्ण के पिता-सखादि के साथ अभेद-भावना के द्वारा। दूसरा पक्ष अर्थात् ब्रजेन्द्रत्वादि अभिमान निन्दनीय है। क्यों कि साधक-देह में ब्रजेन्द्र आदि की भाव चेष्टा-मुद्रा ग्रहण से सेवा नहीं हो सकती। सुबलादि सखागण ने गुरुपादाश्रय, एकादशी व्रतादि का आचरण नहीं किया है कारण वे सब नित्य-सिद्ध परिकर थे। साधक उन सब अंगों का आचरण न करने से अपराधी बन कर प्रत्यवाय का भागी होगा। अतएव सिद्धदेह से मानसी सेवा करने के लिये ही श्रीपादने ब्रजेन्द्र-सुबलादि की भाव-चेष्टा का अनुसरन करने के लिए कहा है।

श्रीमद्भागवतादि एवं तदर्थ प्रति पादक रसिक-भक्तकृत लीला-ग्रन्थ समूह से श्रीनन्द-यशोदादि ब्रजवासिगणों का भाव तथा रुप-गुणादि जो श्रीकृष्ण का सर्बेन्द्रिय—प्रीतिकर है उस की माधुर्य—काहिनी सुनकर तथा यत् किञ्चिदनुभूत-प्राप्त कर तथा शास्त्र-युक्ति-निरपेक्ष होकर बुद्धि-वृत्ति को प्रवर्तन से अर्थात् कब मेरा ऐसा होगा इस प्रकार भाव-माधुर्यका-अभिलाष करके ही लोभोत्पत्ति होती है। लोभोत्पत्ति का यह लक्षण कहा गया है। यहाँ पर लक्षण-शब्द का अर्थ अनुमापक है, स्वरूपार्थ नहीं क्यों कि शास्त्र—युक्ति की अपेक्षा न रहने से ही स्वरूपत्व सिद्ध नहीं होता है। यहाँ पर लीलाश्रवण-कारी की साधकतमता उक्त है, जो संभोगेच्छा-त्मिका कामानुगा में श्रीमूर्ति-दर्शन की अभिप्रेत रखती है।

इस साधन-प्रकरण में वैधी-भक्ति का अधिकारी जन रति-आविर्भाव-काल-पर्यन्त शास्त्र तथा अनुकूल-तर्क की अपेक्षा करता है किन्तु रति का आविर्भाव में उसकी अपेक्षा नहीं रहती।

राग-भक्ति में प्रथम प्रवृत्ति से ही लोभोत्पत्ति होती है, इसलिए कभी भी शास्त्र-युक्ति की अपेक्षा नहीं रहती, यह ही रागानुगा का महोत्कर्ष है किन्तु जिस विषय में लोभ हुआ है उस की प्राप्ति के लिए शास्त्रादि का अनुसन्धान एवं शास्त्रोक्त-साधन का अनुसन्धान अवश्य-कर्त्तव्य है।

तात्पर्य यह है कि—शास्त्र के शासन को लेकर जा भजन है बह विधिमार्ग है एवं लोभ-प्रयुक्त विधि-मार्ग से भजन रागमार्ग हैं। लोभ की प्राप्ति श्रीकृष्ण तथा उनके भक्तों की कृपा से ही होतो है। सिद्ध-रूप से मानसी-वाचिकी-कायिकी

सेवा और साधक रूप से मानसी–सेवा जाननी होगी। चेष्टित माधुर्य–शब्दसे भी उक्त प्रकार सेवा जाननी होगी।

अप्राप्त कृष्णादिसङ्ग तथा प्राप्त कृष्णादिसङ्ग भेद से साधक दो प्रकार हैं। प्रथम साधक वाह्य–दशा में तथा द्वितीय साधक अर्द्धवाह्य दशा में प्रवर्त्तमान होता है, कभी अन्तर्दशा में भी होता है। किन्तु सिद्धरूप का प्रवर्त्तन अन्तर्दशा में ही होता है।

अजातप्रेम साधक की अन्तर्दशा बहुकालव्यापी नहीं होती है। सञ्जात प्रेम साधक की अन्तर्दशा बहुकालव्यापी होती है। भाव होने से तटस्थ का नाश होता है। भाव का आविर्भाव-काल पर्यन्त साधक-अवस्था रहती है और उस समय उस लुब्ध-साधक के प्रति ही उपदेश दिया जाता है।

"सेवा साधकरूपेण"–इस श्लोकमें अनुकल्प तथा मुख्य-कल्प भेद से तन्त्र की व्याख्या है। लोभोत्पत्ति वाला एक ही साधक तीन प्रकार का होता है। लोभ से लेकर भाव आविर्भाव तक साधक–संज्ञा है तथा प्रेमके होनेपर सिद्धसंज्ञा है। जिसकी अनर्थ-निवृत्ति हुई है, वह प्रथम-साधक है। रुचि जिसकी हुई है वह द्वितीय साधक है। भाव जिस का हुआ है वह "तृतीय" साधक है। प्रथम तथा द्वितीय–पक्ष की व्याख्या पहले ही हो चूकी है एवं बाह्य-अर्द्धबाह्य दशा की व्याख्या भी बतलाई गई है। अब तृतीय पक्ष की व्याख्या अन्तर्दशा को लेकर ही होगी। पूर्वोक्त दोनों प्रकार साधक गौण हैं,और तृतीय प्रकार साधक मुख्य है। इस लिए बीणा–बैणिक दृष्टान्त दिया गया है। सिद्ध एबं साधक की तुल्यता वीणा और वैणिक की भाँति है। बीणा और बैणिक भिन्न होने पर भी गान के समय एकाकार रूप से

प्रतीत होता है। वैसा ही सेवा के लिए सिद्ध तथा साधक रूप की भी एकता होती है। भेद होने से ब्रजभाव नहीं होगा। गान में क्रम का भेद प्रतीत नहीं होता है। वैसे ही साधक-सिद्ध का भी सेवाक्रम जानना होगा।

सिद्धरूप में अन्तर्दशा चिरकाल रहती है और साधक रूप अन्तर्दशा अति लघु होती है। यहाँ पर भी पहले की भाँति प्राप्त कृष्णादिसङ्ग तथा अप्राप्त कृष्णादिसङ्ग भेद से साधक को भी दो प्रकार जानना होगा। प्रथम साधक आसक्त्यधिकारी है। और दूसरा साधक आसक्ति तथा भाव का अधिकारी है। इस प्रकार अन्तर्दशा में भी दो भेद होंगे। गौण और मुख्य भेद से। यथास्थित-देह की स्फूर्ति होने से गौण और यथास्थित-देह की स्फूर्ति न होने से मुख्य अन्तर्दशा है।

लोभ से लेकर जिसके भाव का आविर्भाव हुआ है वह साधक है, और प्रेम का आविर्भाव होने से सिद्धभक्त कहलाता है। प्रथम साधक वह है जिसके अनर्थ-निवृत्ति हुई है। अविद्या-अस्मिता–राग–द्वेष–अभिनिवेश यह पांच अनर्थ हैं। द्वितीय साधक वह है जिसकी रुचि हुई है। यह साधन - क्रम की सप्तम कक्षा है। तृतीय साधक वह है जो भाव का अधिकारी है। प्रथम साधक की व्याख्या वाह्य तथा अर्द्धवाह्य-दशा दिखाते हुये की गई है। तृतीय साधक की व्याख्या साधक की अन्तर्दशा को लेकर होगी। प्रथम दो साधक गौण हैं और तृतीय-साधक मुख्य है। सिद्ध एवं साधक को बीणा और वैणिक के दृष्टान्त से जानना होगा। बाद्य और बादक भिन्न होने पर भी गानके समय दोनों की एकता जैसे होती है, वैसे सेवा की समता की दृष्टि से सिद्ध तथा साधक की एकता है। जैसे बैणिक- चित्तस्थ गीत को बीणा बौलती है, वैसे साधक की सेवा सिद्धरूप में होती

है। बीणा-वैणिक का भेद होने पर भी गान में ऐक्य नहीं होता है। वैसे-वैधी के मिश्रण से ब्रजभाव नहीं होगा।

शीघ्रता के हेतु गान में बीणा-बैणिक का क्रम दिखाई नहीं पड़ता, बैसे साधक और सिद्ध की सेवाक्रम दिखाई नहीं पड़ता। वैणिकस्थानीय साधक है। सूक्ष्म-बिचार से वह दो प्रकार होगा। श्रीकृष्णादिसङ्ग प्राप्त ब्रजजन, एवं उन का अनुगत जन एक। दूसरा-अप्राप्त श्रीकृष्णादिसङ्ग ब्रजजन का अनुगत है। इस प्रकार से साधक—स्वरूप तीन प्रकार हुआ है। प्रथम साधक वह है जो आसक्ति का अधिकारी है। द्वितीय साधक वह है जिस का आसक्ति और भाव हुआ है। इस प्रकार अन्तर्दशा में भी दो भेद होगा। अवान्तर भेद से गौण और मुख्य दशा होती है यथास्थित स्फूर्ति होने से मुख्य दशा तथा इसके अभाव से गौणदशा होती है।

इस प्रकार से साधकस्वरूप चार प्रकार होता है। स्वरूप-तटस्थ-व्याप्य तथा व्यापक; किन्तु सिद्ध—स्वरूप एक ही है। सिद्धरूप में सदा अन्तर्दशा रहती है।

अब चतुर्विध साधक का निर्णय श्रवण करो। प्रथम वाह्यदशा का अधिकारी है। द्वितीय अर्द्धवाह्य दशा का, तृतीय पूर्व अन्तर्दशा का और चतुर्थ -साधक परान्तर्दशा का अधिकारी है।

जिसमें वाह्य दशा की स्फूर्ति होती है बह पूर्वान्तर्दशा है। साधक स्वरूप में जब अन्तर्दशा का उदय होता है,तब उसमें स्वरूप का संयोग होता है। सिद्धरूप की अन्तर्दशा में बह संयोग नहीं होता है, किन्तु साधक का संयोग होता है। साधक की

अन्तर्दशा क्रम से बड़ती जाती है। साधक रूप में अन्तर्दशा अवश्य-स्वीकार्य है। अन्यथा रागानुगा भक्ति असम्भव होगी। साधक रूप में यदि रागानुगा नहीं होगी तो "सेबा साधक-रुपेण" यह श्लोक क्यों कहा गया है ? ब्रजजन के अनुसार जो साधक सिद्धरूप से सेवा करेगा इस वाक्य से रागानुगाभक्ति की सिद्धी होती है। ब्रज--लोकानुसार शब्द से भावना का आकार प्राप्त होता है। साधक स्वरुप में भावनामय रूप का ग्रारोप प्राप्त हुआ है, तब उसमें अन्तर्दशा अवश्य होगी।

इस लिये प्रथम साधक-स्वरुप में वाह्यदशा होती है, जो कि अतिस्थूल है और सिद्धदशा में अन्तर्दशा व्याप्त रहती है। बहुत काल-व्यापित्व ग्रौर स्वरूप का प्रकाश होना यह भी इस का उत्कर्ष है। तटस्थ का भी नाश होता है, जहाँ जहाँ सिद्ध अन्तर्दशा का उदय होता है, बहाँ साधक--अन्तर्दशा का भी उदय होता है। उस काल में सिद्ध-साधक दशा विलक्षणता की हानी प्राप्त कर सालक्षरूपकी प्राप्ति करती है। प्रेम होने से तटस्थ का नाश होता है और अन्तर्दशा-काल में तटस्थ भी लीन रहता है।

श्रीकृष्ण-प्रतिमा की माधुरी को देख कर एवं प्रतिमा रुपा उनकी प्रेमसीगण के साथ श्रीकृष्ण की पूर्वराग, रासादि प्रसिद्ध लीलामाधुरी का अनुभव करके उन नायिका तथा सखी स्वरुपा द्विविध गोपीगण का द्विविध भाव से जो व्यक्ति लुब्ध हुआ हैं, वह यथाक्रम से द्विविध कामानुगा का साधक होगा। पहले केबल श्रवण की कथा उक्त होने परभी, इस स्थल में श्रीमूर्ति-दर्शन की अपेक्षा देखी जाती है। दर्शन भी श्रवण की अपेक्षा रखती , हैं श्रवण को छोड़कर लीला की स्फूर्त्ति नहीं होती हैं। लीलाश्रवण भी श्री मूर्त्ति दर्शन को छोड़कर

कार्यकरी नहीं होता है।

स्त्री हो अथवा पुरुष हो यदि वह साक्षात् रूप से श्री-कृष्ण के साथ रमणेच्छा करके ब्रजादि सम्वन्ध की लिप्सा को छोड़कर केबल निजभाब का प्रतिकूल महिषी-पूजा तथा द्वारिका-ध्यान आदि का किसी अंश को परित्यागन करके ही दिधि-मार्ग से वल्लवीकान्त-ध्यानमय-मन्त्रादि के द्वारा सेवा करता है तो वह कुछ ही देर में द्वारका में महिषीत्व अर्थात् महिषी-गण का आनुगत्य परिकरत्व को लाभ करेगा। श्रीनन्दनन्दन के सुख निमित्त सुष्ठु रमणेच्छा के लिए ही सिद्धरूप में रागानुगा द्वारा ब्रज में सेबा-कामना को उत्तम रूप से दिखाया गया।

विधिमार्ग पद से-साधक रूप में वैधी-भक्ति के द्वारा एवं केवल पद से रागानुगा-मिश्र साधन द्वारा मथुरा में महिषीत्व की प्राप्ति हो सकती है। अर्थात्-श्रीनन्दनन्दन का सुखाभिलाष इप्सित होने पर भी यथोपयुक्त साधन का अभाव से अन्य विध गति ही होगी।

श्रीवृन्दावन में श्री राधा-कृष्ण की माधुर्यास्वादन के लिये जिनकी अभिलाषा है, अथच न्यास-मुद्रादि सम्बलित-वैधीमार्ग का भजनरत हैं उन सबों की श्रीरुक्मिणी—कान्त में अभिलाषा न रहने से द्वारका की प्राप्ति नहीं होगी। पक्षान्तर में रागमार्ग का भजन न रहने के कारण श्रीवृन्दावन में श्री राधाकृष्ण की प्राप्ति भी नहीं होगी सुतरां जिस स्थल में ऐश्वर्य प्रधान विधि मार्ग का भजन-कार्य है, उस वृन्दावनीय-अंश विशेष रूप गोलोक में श्री राधाकृष्ण की प्राप्ति होगी, किन्तु शुद्ध-माधुर्य-मय श्रीवृन्दाबन में नहीं।

गोकुल का वैभव विशेष ही गोलोक हैं–यही है–श्रीरूप-गोस्वामी–आदि महानुभावों का सिद्धान्त । अग्निपुत्र–गरण ने भी विधिमार्ग के अनुसार तपस्या के द्वारा स्वीत्व प्राप्ति पूर्वक अज, विभु व जगत्कारण वासुदेव को पतिरूप में प्राप्त किये थे, अर्थात्–द्वारका में महिषीत्व को प्राप्त किये थे ।

स्कन्धपुराण में वर्णित है कि—हस्तिनापुर स्थित कोई वृद्ध–वर्द्धकि 'वढ़ई' ने श्रीनारद के उपदेश में श्रीनन्दनन्दन की प्रतिमा को पुत्र–बुद्धि से भजन करके भावसिद्धि को प्राप्त किया । साधक देह में साधक की भक्तानुसारि–सेवा के सम्बन्ध में पुराण का यह प्रमाण है । श्रीनन्दनन्दन की प्रतिमा कहने से ब्रजेन्द्र की भाव चेष्टा का निरसन हुआ, क्योंकि ब्रजराज श्री नन्द साक्षात् श्रीकृष्ण की ही सेवा किए थे । इस स्थल में सिद्ध शब्द से वत्सहरण लीला में जैसे श्रीकृष्ण सब लोगों का पुत्र हुए थे ऐसा जानना होगा ।

श्रीनन्दनन्दन जिनके प्रति कृपा करते हैं और श्रीरूप-गोस्वामी अपना परिकरों के साथ जिन पर कृपा करते हैं, उन का ही सर्वथा ब्रजलोकानुसार–भजन होता है अन्यथा यह सर्वथा दुर्लभ है, यह निश्चय करके जानना होगा ।

श्रीकृष्ण व उनके भक्तों की करुणा–लाभ ही रागमार्ग में प्रवृत्ति के प्रति एकमात्र सर्वोत्तम कारण है । कभी विधिमार्ग में कर्मादि-समर्पण भक्ति-प्रवृत्ति में द्वार स्वरूप होने पर भी रागानुगामार्ग में कृपा ही एक मात्र हेतु होती है । कोई कोई महाशय उक्त भक्तिमार्ग को पुष्टिमार्ग कहते हैं ।

आविष्टतात्रय का अभाव होने से तटस्थ–स्वरूप होता है । आविष्टतात्रय इस प्रकार है—स्वारसिक—परम—मनो वाक् कायाविष्टता का मनो-वाक्–काय के अनुसार त्रिविध

है, कायकी-वाचिको तथा मानसी-यह तीन प्रकार है। तटस्थ रूप से सेवा प्रत्येक ही फिर तीन प्रकार है स्व- पुस्त्वभावना, श्रीकृष्णमें ऐश्य भावना एवं इस भावनाद्वय युक्तही है। यह अपकर्ष रूपमें रहता है। इस प्रकार तटस्थता का विराम होने पर भी उस का कार्य अन्तर्दशा में अबहुकाल व्यापि तथा स्वरूप का अपकर्ष रूप में रहता है। जैसे प्रत्यय का अदर्शन होने पर भी उस प्रत्यय का कार्य रहता है। तटस्थता में साधकत्व हेतु का योग -अन्तर्दशा में तत् स्वरूप का अपकर्षत्व रूप कार्य है।

विशेष रूप से कामानुगाअधिकार का लक्षण उद्धृत हो रहा है। श्रीमूर्ति की माधुरी को देखकर तथा उन उन लीलाओं को सुनकर नायिका तथा सखि-भेद से द्विविध ब्रज-देवियों का भाव लुब्ध-"कब मेरा ऐसा होगा" इस प्रकार बुद्धि-सम्पन्न-व्यक्ति, क्रम से सम्भोगेच्छामयी, तत्तदभावेच्छात्मा यह दो प्रकार भक्ति साधन का अधिकारी होता है।

यहाँ पर "तत्तल्लीला" यह पद भाव का द्वार तद्भाव इस चेष्टित का उपलक्षक है। यहाँ भी कायिकी-वाचिकी-आदि रूप से व्याख्या का अनुसन्धान करना होगा।

सम्बन्धानुगा एवं कामानुगा-भक्ति में अधिकार होने से उन अधिकारी के प्रति यह उपदेश है "सेवा साधकरूपेण सिद्ध-रूपेण" इत्यादि। "साधकरूपेण"-यथा-स्थित देह से, "सिद्ध-रूपेण"-अन्तश्चिन्तित अभीष्ट तत् सेवोपयोगी देह से, "तस्य" निजाभिष्ट, श्रीकृष्ण का भाव अर्थात् रति-विशेष उसमें लिप्सु जन, "ब्रजलोका:"-अर्थात् श्रीकृष्ण प्रेष्ठजन-श्रीराधा-ललिता-विशाखा-श्रीरूपमञ्जरी-आदि तथा उनके अनुगत श्रीरूप-सनातन गोस्वामी आदि, उन के अनुगत होकर सेवा करे अर्थात्-सिद्ध

रूप से मानसी सेवा श्रीरूपमञ्जरी आदि के अनुसार करनी होगी। साधक रूप से श्रीरूप-सनातन आदि ब्रजवासी-जनों के अनुसार कायिकी सेवा करना कर्त्तव्य है।

अतएव "ब्रजलोक" पद से ब्रजस्थ श्रीराधा-चन्द्रावली आदि को ग्रहण करना चाहिये, उन सबों के अनुसार साधक-देहसे सेवा करना कर्त्तव्य है। उन लोकों ने श्रीगुरुपदाश्रय, एकादशी-व्रत, शालिग्रामसेवा तथा तुलसी-सेवादि का अनुष्ठान नहीं किया है अतः हम लोग भी उस प्रकार अनुष्ठान नहीं करेंगे इस प्रकार आधुनिक मत भी निरस्त हुआ। श्रीजीवगोस्वामी-चरण का कथन यह है कि-"ब्रजजनास्त्वत्र कृष्णप्रेष्ठजना तदनुगताश्च तदनुसारतः" अर्थात् ब्रजलोक शब्द से श्रीकृष्ण का प्रेष्ठजन और-उन प्रेष्ठजनों का अनुगत जन ही ग्रहणीय है। उन उन जनों के अनुसार सेवा करना एकान्त कर्त्तव्य है। भक्तिमार्ग में शास्त्रीयता की अपेक्षा अनिवार्य है। श्रीरूपगोस्वामी चरण का मत यह है कि- "श्रुति-स्मृति-पुराणादि- पञ्चरात्रविधिंबिना। ऐकान्तिकी हरेर्भक्तिरुत्पातायैव कल्पते। भक्तिरैकान्तिकावेयम-विचारात् प्रतीयते। वस्तुतस्तु तथा नैव यदशास्त्रीयतेक्ष्यते" अर्थात्-बिना परिश्रम से पूर्व पूर्व महाजनगण ने जिस मार्ग के अबलम्बन से भगवत्-प्राप्ति की है, सर्व-सन्ताप-वर्जित, मंगल निदान वह-मार्ग अन्वेषणीय है। वह मार्ग साधुमार्ग है, श्रुति प्रभृति का अनुमोदिन ही है। सुतरां उस पथ से गमन न करने से दोष होता है, इसी बात को स्पष्ट कर रहे हैं।

वैष्णवों का स्वस्व अधिकार प्राप्त श्रुति-स्मृति-पुराण तथा पञ्चरात्र प्रभृति कथित विधि को नास्तिक-बुद्धि से न मानकर यदि कोई एकान्त भाव से भी श्रीहरिभक्ति का अनुष्ठान करता है तो उससे उत्पात का ही लाभ होता है।

यहाँ पर आशङ्का यह है कि श्रुत्यादि कथित विधि का अभाव से कैसे ऐकान्तिक भक्त होगा ? और एकान्ती होने से वह उत्पात ही क्यों होगा ? उक्त प्रश्नों का उत्तर यह है कि-बौद्ध आदि की नास्तिकता—मयी भक्ति है बुद्ध-दत्तात्रेय-आदि में जो ऐकान्तिकी देखने में आती है, वह ऐकान्तिकी भक्ति की भाँति प्रतीत होती है, वास्तव में वह भक्ति नहीं है। क्यों कि वह भक्ति अविचार प्रसूत है। कारण है कि उस प्रकार भजन में वेद-वेदाङ्ग आदि शास्त्रों के प्रति अवज्ञा ही की गई है। अशास्त्रीय होने के कारण वह भक्ति वैधी व रागानुगा तो है ही नहीं, परन्तु सन्मार्ग का अनादर से वह कल्पित पथ है उससे कुमार्ग-गमन ही अवश्य होगा।

"तद्भाव-चेष्टित" यह पद चेष्टा का उपलक्षक है, षड् विध सेवा में ही इसकी अपेक्षा है। उपदिष्ट साधक-स्वरूप तथा सिद्ध—स्वरूप का आचरण ब्रजजन-विशेष का अनुसार होना एकान्त आवश्यक है। उसका व्यतिरेक प्रदर्शनकर रहे हैं कि-जिस भक्ति में प्रवर्त्तक लोभ नहीं कर तत्प्रवर्त्तित शास्त्र-शासन को ही प्रयोजक रूप मानता है वह बैधी भक्ति है। श्रीकृष्ण के साथ महिषियों की भाँति साक्षात् रमणेच्छा के लोभ से प्रेरित होकर जो श्रीकृष्ण-भजन करता है एवं रागानुगा-पद्धति को छोडकर जो शास्त्रीय विधि से अर्च्चनादि का अनुष्ठान करता है—वह द्वारका धाम में महिषी-स्वरूप को प्राप्त करेगा। श्री-नन्दनन्दन तथा श्रीरूपगोस्वामी आदि की करुणा के बिना सर्वथा ब्रज-लोकानुसार रागानुगा-भजन नहीं होता है।

आविष्टतात्रय का अभाव को ही तटस्थरूप कहा गया है, यहाँ पर आविष्टतात्रय यह है-स्वारसिक परम मनो-वाक्-काय से आचरण। कायिकी-वाचिकी तथा मानसी जो तीन प्रकार की

सेवा है, तटस्थ रूप में वह पुनः तीन प्रकार की होगी । स्व-पुंस्त्वभावना, श्रीकृष्ण में ईश्वर-भावना, तथा स्व-पुंस्त्व—अपुंस्त्व और श्रीकृष्ण में माधुर्य-ऐश्वर्य का योग उक्त भाव के अपकर्ष का सूचक है। एवं तटस्थता का अदर्शन होने पर भी तटस्थता की अन्तर्दशा में तटस्थता का कार्य अबहुकाल-व्यापित्व-स्वरुप अपकर्ष रूप में रहेगा, जैसे प्रत्यय का अदर्शन होने से भी प्रत्यय का कार्य रहता है। विशेप रूप से कामानुगा का लक्षण यह है-श्रीमूर्ती की माधुरी को देखकर अथवा ब्रजदेवियों की पूवराग, रासादि लीलाओं को श्रवरा करके, नायिका और सखीरूपा ब्रजदेवियों का भाव में लुब्ध होकर श्रीरुपमञ्जरी आदि के आनुगत्य से जो भजन करता है वह कामानुगा भक्ति का अधिकारी है ।

यहाँ पर 'तत्तल्लीला' यह शब्द भाव का उपलक्षक और 'तद्भाव' यह चेष्टा का उपलक्षक है। यहाँ पर भी—'तत्तद्भावादिमाधुर्य' की भाँति व्याख्या होगी ।

सम्बन्धानुगा और कामानुगा का अधिकारी होने पर ही उन दोनों के प्रति सेवा साधक-रूप से उपदेश किया गया है। यहाँ पर भी 'तद्भाब' चेष्टा का उपलक्षक है ।

यथास्थित देह की अस्फूर्ति से, ऐश्य-भावना का संयोग से,स्वपुंस्त्वरूप ऐश्वर्य भावना संयोग से तथा श्रीकृष्ण में ऐश्वर्य माधुर्य मय भावनाद्वय का संयोग से भी यह कामानुगा का अङ्ग होगा। और कामानुगा का अङ्ग भी तीन तीन—गुणित से नौ प्रकार का होगा। प्रथम स्त्रपुंस्त्व—भावनेतर का साम्य होने के कारण तीन प्रकार भी होगा। यह कामानुगा के तुल्य कैसे होगा—इसका पुरुष—भावना से भिन्न के साथ समता होने से

और बादमें होनेसे पोषक भी होता है इसलिये वह भक्ति कामानुगा का अंग होगी। ब्रजभाव से इतर की अनर्थ—निवृत्ति होती है। अनर्थ की निवृत्ति न होने से रति नहीं हो सकती है।

"स्व—पुंस्त्वभावनायुग्" इस वाक्य से यथास्थित देह में जीवाभिमान पुरुष-अभिमान प्रधान से होता है। रागानगा में यह रीति जाननी होगी।

तटस्थ रूप की सेवा नौ प्रकार की होती है। जों तटस्थता से पृथक् साधक नहीं है उसका तटस्थ रूप ही साधकत्व में कारण है।

जैसे रसाला में बस्तुद्वय का मिश्रण करने पर एक अपूर्व-आस्वाद होता है वैसे ही सिद्ध तथा साधक की व्यवस्था भी जाननी होगी। जैसे बस्तु में आधार-आधेय-भाव होता है वैसे तटस्थ तथा सिद्धरूप का भी सम्बन्ध जानना होगा। यद्यपि तटस्थ- स्वरुप सिद्धरूप से भिन्न ही है तथापि रागानुगीय-अधिकारोचित कर्मका हो आचरण उस अवस्थामें होना गुण है, लोक- प्रसिद्ध काम्य-कर्मादि दोषावह है,कम मदिरा के सदृश है, वह काम्यादिकर्म भक्तिमार्ग में वाधक है।

सिद्धरूप भावनामय होने के कारण वह रागानुगा ही है किन्तु रागात्मिका नहीं है। साधक रूप में जो रागानुगा होती है वह आरोप से ही होती है। तटस्थ रूपमें रागानुगा भक्ति नहीं हैं। क्यों कि वहाँपर आरोप का अभाव है। रागानुगा की फल-स्वरुप निष्ठा आदि जो बस्तु है,वह तटस्थता में संक्रामित नहीं होती है। साधन का विराम होने पर भी उसका फल-रूप प्रेम का विराम नहीं होता है। उसी प्रकार साधक रूप में निष्ठा आदि का उदय होने पर सिद्ध रूप में भी उन सब का उदय होता हैं।

यह सब वीणा-वैणिक दृष्टान्त के द्वारा दिखलाया गया है। साधक रूप में प्रेम जात होने से भावनामय-रूप प्रेम का भी साक्षात्कार होगा। साधक रूप भी सिद्ध होकर साक्षात् रूप के साथ एकता हो जाती है। ऐसा होने पर वहाँ वहाँ रागात्मिका मानी जाती है। श्रीगुरु आदियों का सिद्ध रुप में और साधकायमान रुप में भी रागात्मिका ही है किन्तु रागानुगा नहीं है। यथा-श्रीरूपगोस्वामी चरणों का साधक रूप में साधकायमान है और अपना सिद्ध रूप में सिद्धायमान है। वे गुरु प्रभृति सिद्ध हैं स्वयं साधक भी है। इससे भावनामय रूप का सत्यत्व सिद्ध हुआ है, किन्तु मनोमय की भाँति मिथ्या नहीं है। अन्यथा गुर्वादिकृत साधनभी मिथ्या होगी किन्तु ब्यतिरेक प्रदर्शनगत भावनामयरूप का असत्य होने पर भी उसमें फलान्तर प्राप्त कराने की योग्यता अवश्य रहेगी। भावनामय पदके मयट् प्रत्ययान्त होनेके कारण अवास्तव होने पर भी प्रकृत्यर्थ--भावनारुप का सत्यत्व उसमें अवश्य है और स्मरण के माहात्म्य से प्राप्ति भी होगी।

यदि श्रीकृष्ण और उनके भक्तों की करुणा से मनो-वाक् कायके द्वारा सर्वथा ब्रज-लोकानुसार भजन हों,तब श्रीनन्दनन्दन को सर्गादि–कर्त्तृत्वरूप अचिन्त्य-शक्ति के द्वारा सापेक्षणीय भावनामय रूप का भी निर्म्माण होगा, किन्तु भावनामय रूप से श्रीब्रज में स्थिति, श्रीब्रजलोगों का संग, और श्रीनन्द-नन्दन की सेवा,इन सब दुर्घट-घटना को अचिन्त्य शक्तिही सम्पन्न करेगी।

साधक का सापेक्षणीय भावनामय जब साक्षात् रूपसे उत्पन्न होगा,तब श्रीनन्दनन्दन एवं ब्रजजनोंके साथ नित्यसम्बन्ध भी श्रीनन्दनन्दन की दुर्घटघटनारूपा अचिन्त्यशक्ति के द्वारा ही होगा। भावनामय रूप के सत्यत्व में प्रमाण "मानसोपचारिण"

इस पद्य की टीका में द्रष्टव्य है। उस का विवरण इस प्रकार है–यथा कथञ्चित् मन के द्वारा घृत सहित परमान्न का निर्म्माण करके सुवर्णमय पात्र के द्वारा श्रीभगवान् का भोग के निमित्त उपस्थित किया गया और वह परमान्न अत्यन्त उष्ण है, या नहीं इस की परीक्षा करने के लिए अपनी अंगुली-युगल को उस परमान्न में डुबाया; परमान्न अत्यन्त उष्ण होने के कारण अंगुलीद्वय दग्ध हो गए, इसके बाद उसके मन में बड़ा खेद हुआ कि मैंने बहुत बुरा कामकिया,अहो श्रीप्रभु का भोग अंगुली-स्पर्श से दूषित हो गया। इस दुःख से उसकी समाधि भी टूट गई और उसने देखा कि दोनों अंगुली जल गईं तथा पीड़ा का भी अनुभव होने लगा। इस प्रकार से भावनामय-बस्तु का भी सत्यत्व प्रतिपादन हुआ। अन्यथा अर्थात् इस बात को न माने पर अंगुली द्वय का दग्ध होना असम्भव होता है।

इससे साधक तथा सिद्ध-देह की मिश्रता पाई जाती है। जैसे कि रसाला में दोनों बस्तुओं का मिश्रण होता है। अतएव सिद्ध रूपसे जो कार्य होता है, उसका प्रभाव साधक-रूपमें भी पड़ता है और साधक रूपसे जो कार्य होता है, उसका भी प्रभाव सिद्धरूप में पड़ता है। इसलिए सिद्ध तथा साधक-रूपके द्वारा ब्रजलोकों के अनुसार ही मनो वाक् काय के द्वारा श्रीकृष्ण की सेवा करना कर्त्तव्य है।

यहाँ पर प्रयोग इस प्रकार है—बाहर पीड़ा की 'दग्ध अगुष्ठ की' सत्य अनुभूति होने के कारण, भावनामय तप्त परमान्न रूपत्व भी सत्य है। अतएव सिद्ध-रूप भावनामय होने पर भी व्यूहता है। आत्मा की एकता अहन्तास्पद से शारीरादि से होती है। ममतास्पद देह भी साधक तथा सिद्ध-

रूप से दो प्रकार है। बहाँ पर तटस्थ--स्वरूप का व्यूहत्व नहीं है तथा ममतास्पद स्वरूप का बाधित हुआ है। सिद्धरूप गत हर्ष-निष्ठादिक साधक रुपमें अनुभावित होकर संक्रमित होता है। अतएव बीणा—बैणिक दृष्टान्त की तुल्यता सर्वांश में नहीं है। सिद्धरूप ब्यूहबन्त हैं, बीणा—काष्टमय हैं, अतएव कभी सिद्धरूप गत अन्तर्दशा बाद में साधक–रूपमें रहती है। अन्तर्दशा के पश्चात् तटस्थता है। कभी सिद्धरूप गत अन्तर्दशा के अनन्तर तटस्थता होती है। कभी तटस्थता के अनन्तर सिद्धरूपगत अन्तर्दशा होती हैं।

यहाँ पर 'ब्रजलोका:' इस शब्द से श्रीमद् रूप गोस्वामी आदि को जानना होगा। उनके अनुसार साधकरूप से श्रीकृष्ण-चन्द्र की सेवा करना कर्त्तव्य है, इसलिए श्रीगुर्व्वादियों का साधकायमान रुप के अनुसार साधक रूप से सेवा करना कर्त्तव्य है। न तो तटस्थायमान रुप के अनुसार सेवा होनी है।

श्रीरुपमञ्जरो आदियों की भक्ति कामरुपा 'प्रेममय-तृणा-रूपा' है किन्तु सम्भ्रम–प्रीति रूपा नहीं है। मुक्ताचरित में इन सबों का लीलामय विवरण इस प्रकार है—स्वाभिलषित बस्तु की परिचर्या विशेष के लाभ से रङ्गणमाला प्रभृति परम प्रणयिसखी होने पर भी परिचारिका की भाँति व्यवहार करती है। यहाँ पर श्रीरङ्गणमाला तथा रङ्गणवल्ली यह दो नाम श्रीरुपमञ्जरी का है।

श्रीगोविन्दलीलामृत में भी उल्लिखित है कि यह बड़ी आश्चर्य की बात है - श्रीनन्दनन्दन ने श्रीराधा को गाढ़ आलिङ्गन किया, उनके साथ सखियों की संगति न होने पर भी सखियाँ हर्षान्विता हुई।

वृन्दा का प्रश्न के अनन्तर नान्दीमुखी का यह उत्तर है। और भी देखो,श्रीराधा के सुख से सखियों का जो सुख की उत्पत्ति होती है, उसमें श्रीराधा के साथ सखियों का अभेद--भाव ही कारण है। क्यों कि ब्रजरूप–कुमुदों का चन्द्र–स्वरूप श्रीकृष्ण की ल्हादिनी–नाम की जो शक्ति है–उसी का सारांश रूप प्रेम है, और प्रेम ही श्रीराधा रूप लता है, सखीगण उसका पत्र–पुष्प तथा नवपल्लव–स्वरूप होने के कारण श्रीराधा के तुल्य हैं, अतएव श्रीराधा रूप लता श्रीकृष्ण–लीलामृतरस समुद्र से अभिषिक्त होकर उल्लषिता होने पर वे सब पत्र-पुष्पादि-स्वरूप सखीगण अपना सेचने से भी शतगुण उल्लासवती होती हैं।

श्रीरूपमञ्जरी आदि सदा भावोल्लासाश्रया है। श्रीपाद रघुनाथदास गोस्वामी निजकृत मनः शिक्षा ग्रन्थ में कहते हैं कि–हे मन! तुम श्रीराधा–प्राणनाथ रूप से ब्रजविपिन–चन्द्र श्रीकृष्ण को स्मरण कर एवं श्रीवृन्दाबनेश्वरी को श्रीकृष्ण की प्रिया रूप से स्मरण कर। ललितासखी को श्रीराधासखी रूप से स्मरण कर। विशाखा को शिक्षासखी–गुरु रूपसे स्मरण कर एवं राधाकुण्ड तथा गोवर्द्धन को तद्दर्शन—रति—दायक रूप से स्मरण कर।

भावोल्लास का लक्षण यह है कि-परस्पर परमप्रीति-बद्ध सजातीयभक्तों के बीचमें एक भक्त के प्रति अन्य भक्त की जो रति। वह भावोल्लासमयी रति कृष्ण–विषयिणी रति का पोषक है इसलिए व्यभिचारिभाव में ही प्रविष्ट होती है। सजा–तीय भाव–भक्ति–विशिष्ट परस्पर रति का विषय व आश्रय रूपसे अवस्थित–भक्तगणों की एकतराश्रया जो रति वह यदि श्री–कृष्ण-विषयिणी रति का समान अथवा उस से न्यून होती है तब

वह श्रीकृष्ण-विषयिणी रति का सञ्चरिभाव में प्रविष्ट होगी। किन्तु मधुररस में यदि वह श्रीकृष्ण-विषयिणी रति से भी अधिका होकर उसमें सतत अभिनिवेश वशतः सम्यक् प्रकार से बृद्धि-शीला होती हैं तब वह सञ्चारी होने पर भी समस्त भाव की अपेक्षा से परमोत्कृष्ट होने के कारण भावोल्लास रति ही कही जायेगी।

सारार्थ यह है कि-भावोल्लास-सखीस्नेहाधिका सखी-गणों का स्थायीभाव है, सुतरां सुहृद्रती पद से सञ्चारी भाव में श्रीराधा की सखीविषय में रति, एवं भावोल्लास में सखीगणों की श्रीराधाविषयिणी रति ही होगी। श्रीराधा की सखी-विषय में रति श्रीकृष्णरति-मूलक है एवं श्रीकृष्णरति के पोषक है। सखी-स्नेहाधिका सखीयों का श्रीराधाविषय में जो स्नेहा-धिक्य है वह अनादिसिद्ध अर्थात् स्वतः सिद्ध है। सञ्चारीत्ति— यह श्रीकृष्णरति मूलक होने के कारण से है। वह भी श्रीकृष्ण-रति से स्वपक्षत्वादि होने से ही होता है। यह भावोल्लास-स्थायी भाव विशेष है। किन्तु श्रीकृष्णरति परार्थ न होने के कारण अङ्गता न होकर तद्विषयक रस का अङ्गी ही होगी। अतएव भावोल्लास-स्थायी श्रीराधा-विषयक रस का अङ्ग ही होगा। किन्तु हास्यादि की भाँति अङ्गी नहीं है। हास्यादि-रति परार्थक है। यहाँ पर प्रयोग इस प्रकार है-श्रीकृष्णरति से पुष्यमाण होने के कारण उससे अधिक होने पर भी सुहृद्रति श्रीकृष्णरति से अधिका नहीं होती। श्रीकृष्णरति के समान होने पर भी वह सुहृद्रति व्यभिचारी रूप होती है। उदाहरण से स्पष्ट हो रहा है। श्रीनारायण की कान्ता लक्ष्मीदेवी निरन्तर वक्षःस्थिता तथा पतिव्रता होकर भी तुलसी के तिवास स्थान तथा दासगण

सेवित जो चरण है उस चरण की रेणु को प्रार्थना कर रही हैं। उन लक्ष्मी की भाँति हम भी तुम्हारे चरणरजः को प्राप्त किए हैं, अर्थात् जैसे तुमने लक्ष्मी का मनोवाञ्छा पूर्ति की है तैसे ही हम सब के ऊपर भी कृपा करो। हम सब प्रपन्न हैं।

यह पद्य प्रेमोत्कर्षदृष्टि प्राप्ति के लिए है। अतएव रस का आस्वादन से मनो-वाक्-काय के द्वारा मञ्जर्य्यादि का पूर्वाबस्था-परावस्था के अनुसार साधक रूप से और सिद्ध रूप से कामानुगा में षड् विधा सेवा होगी।

प्रत्येक ज्ञान-प्राप्त्यर्थ-मात्र अनुसन्धान से सेवा षड् विधा है। प्रतीयमान मञ्जर्यादि के अनुसार से भी अजातप्रेम-साधक के लिए वह वैधी होगी। जैसे बादक के चित्त में रहने वाली गीति उसके मुख से निकलती है और वीणा से निर्गत होकर उसके कर्ण में एक काल में बोध होता है। वैसे साधक की चित्तस्था सेवा तन्मुखनिःसृता तत्कर्ण-सङ्गता सिद्धरूप चित्तादि सम्भवा है। यहाँ पर ज्ञान--प्राप्त अर्थ-स्पष्ट है। प्रेमोत्कर्ष प्राप्त अर्थ का प्रकाश हो रहा है। जिन नारायण के पदाम्बुज-रज की कामना लक्ष्मी देवी करती है, उसी प्रकार हम सब भी तुम्हारी पद-रज की कामना करती हैं।

"हे नन्द महाराज! यह बालक गुणों से श्रीनारायण के समान हैं।" यह गर्ग मुनि का वचन भी है। इसलिए उस लक्ष्मी की भाँति हम सब भी तुम्हारी पदरज को प्रपन्ना हैं।

तटस्थरूप यथास्थित देह से गौण-मुख्य रूप से अर्थद्वय का आस्वादन होता है। वह मानस-वाचिक-कायिक भेद से प्रत्येक तीन प्रकार होगा। स्व—पुंस्त्वभावना और स्वपुंस्त्व—का अभाव योग से भी वह सेवा दो प्रकार की होगी।

यहाँ पर स्व-पुंस्त्वभावना के बिना यथास्थित-देहस्वरूप से मनो-वाक्-कायके द्वारा परार्थास्वादन तीन प्रकार होगा, कैमुत्यिक न्याय से कामानुगा के अन्तर्भुक्त होने के कारण-तीन प्रकार भेद का अस्वीकार से द्वादश भेद होने परभी नो भेद ही रहा।

श्रीमन् महाप्रभु का भाव तथा वर्ण को श्रीराधिका का भाव-वर्ण के साथ मिलाकर तथा उस स्वरूप को श्रीनन्दनन्दन—स्वरूप के साथ एक करके-पूर्वोक्त लक्षण साधक रूप की उपयुक्तदशा में श्रीकृष्णलीला का आस्वादन गत भावनामय सिद्ध-रूप के साथ एक करने से अनुसन्धान रहित होगा। यहाँ पर तटस्थ रूप नहीं है।

शची-सूनु को नन्दीश्वर-पति-सुत रूप से स्मरण करना श्रीरघुनाथदास-गोस्वामी के इस वाक्य में श्रोनन्दनन्दन ही विधेय हैं यह स्मष्ट हो रहा है।

जैसे श्रीनन्दनन्दन का प्रकाश द्वैविध्य का अभाव में भी श्रीगौरविधु-स्वरूप है, तैसे श्रीरूपमञ्जर्यादि का प्रकाश द्वैविध्य का अभाव में भी श्रीरूपगोस्वामी--रूपता है, एवं अन्य मञ्जरी आदि का प्रकाश द्वैविध्य का अभाव में भी श्रीमद् रूपगोस्वामी आदि की अनुगतता है। इस लिए श्रीगुर्व्वादियों का प्रकाश द्वैविध्य का अभाव होने पर भी श्रीरूप-गोस्वामी आदि के अनुगत रूप से सङ्गित्व है। अतएव श्रीनन्दनन्दन आदि की और श्रीगौरविधु आदि की प्राप्ति समकाल व समान रूप से होती है। यहाँ पर प्रकाश का परम वैशिष्ट्य होने के कारण प्रकाश-द्वैविध्य गत भेद का स्वीकार नहीं हुआ है। क्यों कि वह सर्वथा भेद का अभाव रूप है। प्रकाश में धाम, परिकर, समय, लीलादि

गत भेदों के मध्य से एकतर भेद का ही स्वीकार होता है। किन्तु यहाँ पर उन सवों के मध्य से एक तरका का भी भेद नहीं है। यह ही परम वैशिष्टय है। यह उन सवों का युगपत् प्रकाश स्वीकार करने के लिए हुआ है। प्रकाश की द्विविधता का अभाव में भी जो प्रकाश उत्पन्न होता है वह अचिन्त्य है अर्थात् शास्त्रैकगम्य है।

श्रीकृष्ण का श्रीगौरविधु--रूप में जो प्रकाश है—वह अचिन्त्याचिन्त्यत्व है। वह अचिन्त्याचिन्त्यत्व इस प्रकार से है—कलियुग-पावनत्वादि के द्वारा परम कारुण्य का आधिकच होने पर तथा प्राकट्य के लिये तीन हेतु रहने के कारण परमसत्ता में भी श्री राधिका का भाव—वर्ण का स्वीकार से है। अतएव श्रीमन् महाप्रभु का भाव—वर्ण—स्वरूप, श्री राधिका भाव—वर्ण एवं श्री नन्दनन्दन स्वरूप के मिश्रण से घन-आवर्त्त दुग्ध-के तरह लील। में माधुर्य का "आधिक्य" वैशिष्टय है। साधकरूप-सिद्धरूपगत कामानुगा का स्वल्पोदय दोनों लीला का पृथक् अव स्थान होने से है। साधक-स्वरूप में उभय लीला का उद्दीपन होने पर भी समय आदि का भेद न रहने के कारण उभय लीला की अभिन्नता विद्यमान रहती हैं। वैधी भक्त साधक--रूपाचरण व उसका सालक्षण्य-प्रतीयमान रागानुगाभक्त तटस्थ-रूपाचरण का परस्पर वैलक्षण्य-'प्रभेद' है। ब्रजलोकानुसार के बिना शास्त्र के शासन से अथवा लोभ से स्वाभीष्ट साधक रूप करके तटस्थ रूप साहित्य का अभाव से जो सेवादि होती है वह वैधी है। ब्रजलोकानुसार के बिना शास्त्र-शासन व लोभ के बिना स्वाभीष्ट साधक-रूप से साधक-रूप साहित्य का अभाव द्वारा जो सेवा होती है वह पर-अर्थात्

तटस्थ रूप है।

शास्त्र का शासन से ही यहाँ पर 'एव' कार का अर्थ है। ब्रजलोकानुसार के बिना शास्त्र-शासन से ही सेवा में प्रवृत्ति है यह जानना होगा।

जिसमें शास्त्र का शासन व ब्रजलोकानुसार की अपेक्षा नहीं वह अमार्ग है। दो ही मार्ग हैं—वैधी और रागानुगा।

लोभ से कर्म का आचरण करने पर उनकी भक्ति जसे होगी, लोभ से वैधी का आचरण से उसी प्रकार रागानुगा भक्ति होगी।

आवेश का प्रकार यह है—मानस, वाचिक व कायिक रुप से। जैसे वैणिक की चित्त में रहने वाली गीती बीणा से उत्पन्न होती है। इसलिए मानस आवेश होने से साधकत्व अबाधित है। सिद्धरूप व तटस्थ का अयोग होने पर भी जैसे सान्निध्य होता है वैसे सिद्धरुप- तटस्थ स्वकार्य का उत्पादनकारी भी होगा। प्रयोग यह है—अयोग होने पर भी तटस्थता स्वकार्य का उत्पादिका होती है। क्यों कि सिद्धरूपगत अन्तर्दशा से मिश्रत्व असान्द्र से मौजूद है। तटस्थ का अयोग होने परभी सिद्धरूपगत-अन्तर्दशा स्वकार्य उत्पादिका होती है, क्यों कि तटस्थता से वह भिन्न है। सिद्धरूप का यथास्थित देह के साथ संयोग नहीं है, अभाव-सिद्ध होने के कारण आरोप भी नहीं हो सकता है। यथास्थित देह-विषयक अभिमान का लीन हो जाने से सिद्धरूप-गत सेवा का उदय होता है। साधकरूप जिस तटस्थ के साथ युक्त होता है उस तटस्थ को सूक्ष्मरूप जानना होगा। जैसे जीव लिङ्गशरीर को नहीं छोड़ता, तैसे तटस्थ साधक-रूप को नहीं छोड़ता है।

श्रीकृष्ण–प्रेमको मैं वन्दना करता हूँ। जिसकी उदय से सूर्य के उदय से अन्धकार नाश की भाँति ताटस्थ्य का नाश होता है।

तन्त्र की व्याख्यान्तर इस प्रकार है। प्राप्त श्रीकृष्णादि-सङ्ग ब्रजजनानुकारि भावनामय रुप यथास्थित देह का योग और अयोग के द्वारा साधकरुपत्व व सिद्धरूपत्व इन दोनों रूप से सेवा दो प्रकार की होती है जो पूर्ण व अपर भेदसे प्रसिद्ध है।

साधक-रूपगत वाह्य व अर्द्धवाह्य दशा होने से पूर्वा होगी। साधक–रूपगत अन्तर्दशा होने से परा सेवा होगी। पूर्वसेवा असम रूप व असम कहलाती है। पर--सेवा समकाल व समरूप से व्याप्ता होतीहैं। भावनामय देह का यथास्थित देह में पूर्व–सेवा—अधिकाररुप में अन्तर्भाव हो जाता है।

पहले दूसरी व्याख्या में साधक रूप से सेवा में यथा-स्थित देह का भावनामय रूप में अन्तर्भाव कथन है। यहाँ पर भावनामय रूप का यथास्थित देह में अन्तर्भाव कहा गया है। ही विशेष है।

यहाँ-साधक रूप गत सेवा का समरूपक होने से, शीघ्र ही सिद्ध--रूप गत सेबा आने के हेतु, साधकरूपा गत सेवा का प्रावल्य न होने के कारण अर्द्ध वाह्य दशाके स्थायी होने पर भी आरोप में वाह्यदशा की स्थिति निश्चित है। अन्तर्दशा में यथास्थित देह का भावनामय रूप में अन्तर्भाव है। अन्तर्दशा में साधक रूप व सिद्ध रूप का वीणा—वैणिक—तुल्यत्व है। यहाँ पर कथित साधनांश का लोप होने के कारण इन सब का उल्लेख पहले नहीं हुआ है।

इस ग्रन्थ में सिद्ध-साधक-रूप-गता रागानुगा तीन प्रकार

दिखाई गई है। लोभ से लेकर रुचि पर्यन्त वाह्य—अर्द्ध वाह्य—दशा असमरूपा व असमकाल रूपा है। आसक्ति से लेकर भाव-पर्यन्त अन्तर्दशा समरूपा व समकाला है। लोभ से लेकर भाव-पर्यन्त वाह्य—अर्द्ध वाह्य-दशा अन्तर्दशा स्वसमकाला-असमरूपा होगी। यहां पर सिद्ध-साधक-रूप की वीणा वैणिक तुल्यता नहीं है। लोभ से लेकर रुचि-पर्यन्त बाह्य-अर्द्ध वाह्य दशा समरूपा होने से भी असमकाला होगी। आसक्ति से लेकर भाव-पर्यन्त, अन्तर्दशा में समरूपा समकाला भी होगी। समञ्जसानुगा वैधी राग प्राप्त न होने के कारण कामानुगा से भिन्न है। स्त्रियों के लिए पति ही गुरु है यह शास्त्र-शासन से प्रवृत्त समञ्जसा है। क्यों कि राग प्राप्त न होने के कारण जहाँ पर प्रवृत्ति शास्त्र के शासन से ही होती है बह वैधीभक्ती कहलाती है।

समञ्जसानुगा की भी कामानुगा से भिन्नता है। क्यों कि कामरूपा का लक्षण समर्था रतिपरक है। कामरूपा का लक्षण यह है-कामरूपा भक्ति बह है जो कि प्रेममयी भक्ति से सम्भोग-तृष्णा को भी (अंग संग विषम में स्व सुख वांछा को भी) रागात्मिका रूप से स्वीय स्वरूप में प्राप्ति कराती है, क्यों कि इसमें संभोगतृष्णा का उदय में भी केवल श्रीकृष्ण-सुख के लिए ही सर्वत्र उद्यम देखा जाता है। (यहाँ पर काम शब्द से निज इष्ट-बिषयक रागात्मिका प्रेमविशेष को ही जानना होगा) कामरूपा का ही दूसरा नाम समर्था है। जिस रति के कारण संभोग की इच्छा प्रतिक्षण तादात्म्य को प्राप्त होती है और गति भी किसी अनिर्वचनीय रूप की होती है वह समर्था कहलाती है। इसमें सम्भोग-इच्छा-विशेष विहार का कभी भी अंग नहीं होता है। समस्त लीला-विलास का अद्भुत तरंग

विद्यमान है और लीला-विलास-शोभा का अति चमत्कार रति-तरंग भी है। प्रयोग इस प्रकार है-संभोगेच्छा समर्था-रति में सर्वदा तादात्म्य-प्राप्त होकर रहती है। कभी भेदप्राप्त नहीं होती है। संभोगेच्छा समञ्जसा में तादात्म्य-प्राप्त नहीं होती है, क्यों कि बीच बीच में दोनों का भेद दिखाई पड़ता है।

ग्रन्थकार श्रीलनरोत्तमठाकुर—महाशय के प्रति अपनी विनम्रता को प्रकट करते हुये कहते हैं कि—श्रीनरोत्तमठाकुर—महाशय के चरण-कमल मेरे हृदय में सदा स्फूर्ति प्राप्त हो और उन चरण-कमल के मधुपान से मत्त भक्त-भ्रमर का सङ्ग मुझे दिन-रात मिलता रहे।

एक ही सेवा मन-वाणी-काय के सम्बन्ध से तीन प्रकार होगी। मानसी-वाचिकी-कायिकी। इस बिचार से साधकरूप मानसी-वाचिकी-कायिकी सेवा इस प्रकार है। श्रीरूपमञ्जरी साधकायमानरूप से सेवा की प्रार्थना करते हुए कहती हैं—हे बृन्दावनेश्वरी मेरी प्रार्थना सूनो। कब मेरे प्रति तुम्हारी करुणा होगी?, हे बिम्बोष्ठि ! कब में तुम्हारे वदनारविन्द में अतिशय आनन्द से ताम्बूल अर्पण करूँगा,और वह ताम्बूल श्रीनन्दनन्दन लूटकर खालेंगे, यह देखकर मेरा चित्र आनन्द से भर जायगा।

सिद्धरूप से मानसी-वाचिकी-कायिकी तीन प्रकार सेवा इस प्रकार हैः—

श्रीराधिका के आगे श्रीरतिमञ्जरी कहती हैं-हे सुन्दरी ! मेरा एक निवेदन सुनो, मैंने श्यामवर्ण चोली से तुम्हारी वक्षोजको ढ़ाका है, यह अति सत्य है,हे देवि ! इस का स्वरूप को को सुनो, तुम्हारी वक्षोज-द्वय-श्रीकृष्ण की निधि स्वरूप है,

इसलिए श्रीकृष्ण श्याम-वर्ण चोली के रूप से निजी धन को-छिपाने के ढ़ाका है वे तो अपना प्राण से भी अधिक प्रिय है यह मानकर चोली से ढ़ाक कर रखते हैं।

तटस्थ रूप से स्व-पुंस्त्वभावना के योग से मानसी—वाचिकी—कायिकी यह तीन प्रकार सेवा इस प्रकार है-कृष्ण-कर्णामृत ग्रन्थ में लीला-शुक की उक्ति यह है-विचित्र पत्रांकुरों से सुशोभित बाला के स्तन—युगल के मध्य में मैं निवास करूँ? अथवा बन में प्रवेश करूँ? किन्तु श्रीवृन्दावन-नटराज ही मेरा उपास्य है उनके दर्शन के बिना मुझे कुछ भी नहीं सूझती है।

यहाँ पर "वालास्तनान्तर" इस शब्द से—स्वपुंस्त्व—भावना सूचित हुई है। तटस्थ-रुप से स्वपुंस्त्वभावना के अयोग से मानसी-कायिकी-वाचिकी सेवा इस प्रकार है-हे प्राणेश्वरी! हे प्राणनाथ! राधाकृष्ण शुनो, मैं तुम्हारे श्रीचरणों की सेवामें सतृष्णा हूँ। मैं अति क्षुद्र अयोग्य-नीच जीव हूँ। तो भी ऐसी इच्छा मेरे हृदय में उठती है। जिस करुणा के बल से मैं वृन्दाबन में रह रहा हूँ बह कृपा मेरी इच्छा की सिद्धि में सहायता करें।

यहाँ श्रीरुपप्रभुकृत कार्पण्यपञ्जिका के इस श्लोक में जन्तु-अनर्ह इत्यादि शब्दों से पुरुष-योषित्-अभिमान की असङ्गति स्पष्ट है। तटस्थ रूप से श्रीकृष्ण में ऐश्य-भावना के योग से मानसी-बाचिकी-कायिकी सेवात्रय का उदाहरण इस प्रकार है-श्रीरघुनाथदास गोस्वामी कह रहे हैं कि—बैकुण्ठ धाम के मध्य में श्रेष्ठ पुरी है द्वारका पुरी जहाँ पर श्रीप्रभु अपने भाई बलदेव-

तथा सन्तति वृन्द के साथ परमानन्द से निवास कर रहे हैं। लक्ष्मी-वृन्द-विनिन्दित महिषियों के साथ निरन्तर जहाँ पर लीला—विलाश करते हैं। अतएव यह द्वारावती पुरी वैकुण्ठ से भी प्रिय है।

श्रीकृष्ण-जन्मभूमि मथुरा द्वारावती पुरी से भी अति—प्रिय है। और इस मधुपुरी में जहाँ पर श्रीब्रजनागरी गण विराज करतीं व श्रीकृष्णचन्द्र सर्वदा विहार करते हैं—वह मधुपुरी ही मेरी नित्य सेव्या है। यहां पर प्रभु शब्द से ऐश्य—भावना का प्रचार हुआ है।

तटस्थ रूप से स्व-पुंस्त्व—भावना के योग से मानसी – वाचिकी—कायिकी यह तीन प्रकार सेवा श्रीपाद रूपगोस्वामी—कृत उत्कलिकावल्लरी—श्लोक से सूचित हो रही है-हे नाथ श्रीकृष्ण! हे मदीश्वरी श्रीराधिका! तुम्हारे दास्यभाव को प्राप्त होकर परम प्रेमी उद्धव आदि महात्मागण यहाँ पर तृण आदि जन्म की वाञ्छा की है, मैं निकृष्ट जन्मा होने पर भी जिनके प्रभाव से वहाँ पर निवास कर रहा हुँ वह दीन- गामिनी तुम्हारी करुणा को प्रणाम करूँ।

ऐश्य-भावना से पूर्वा वैधी सेवा छै प्रकार है। पुनः इष्ट सम्पादक रूप से वह द्वादश प्रकार है। यह अष्टादश (अठारह) वैधी के मध्य में तीन तीन भागों का विचार प्रस्तुत हो रहा है। सेवा में प्रथम तीन सेवा का मिश्रण होने से मथुरा में महिषित्व प्राप्ति निश्चित है। प्रथम व द्वितीय भाग के--(किसी एक के) मिश्रण से द्वारका में महिषित्व प्राप्ति सुनिश्चित है। प्रथम—द्वितीय त्रिक—द्वय का मिश्रण से वैकुण्ठ धाम की प्राप्ति होगी। समस्त त्रिक का मिश्रण से गोलोक की प्राप्ति निश्चित

है। जिसमें लोक की अपेक्षा है वह शास्त्र—शासन मूलक है। जिसमें शास्त्र—शाधनाधीन लोकापेक्षा नहीं है उसमें भाव के आविर्भाव पर्यन्त दोनों रूप की व्यूहता है। साधक होने पर भी सिद्ध-साधक व्यवस्था है। प्रेम होने से सिद्ध होकर साधक की प्रकाशता उक्त दोनों रूपों में व्याप्त होती है।

यथास्थित देह के साथ भावनामय देह का योग दो रूप से होता है, एक भावनामय स्वरुप की स्फुर्ति से, दूसरा संयोग-आरोप के व्यतिरेक से है। यथास्थित—देह की स्फुर्ति होने से साधकरूप वाधित नहीं होता है। दोनों रुप की सेवा समरुप नहीं है। तथापि साधकत्व अवाधक है। आरोपकाल में यदि वाह्य-दशा हो, तब स्फूर्तिकाल में दशात्रय का उदय होगा। आरोप-काल में यदि अर्द्धवाह्यदशा का उदय हो,तब स्फूर्तिकाल में अर्द्धवाह्य व अन्तर्दशा होगी आरोप में यदि अन्तर्दशा हो, तब स्फूर्तिकाल में वह अन्तर्दशाका उदय होगा। सिद्धरुप से जो सेवा की प्रवृत्ति होती है वह सेवा स्फुर्ति कहलाती है। जिसकी जो दशा आरोप के समय से होती है,उसकी वह दशा सर्वदा स्थायी होकर रहती है। अनुलोम होनेसे कभी यह दशा उध्वंगामी होती है,और प्रतिलोम्य होने से तटस्थता को प्राप्त होती है। स्थायी-दशा तथा तटस्था के बीच में अन्य दशा 'वाह्य-अद्धवाह्यदशा' का सद्भाव होने पर भी लाघव से वह न कही गई। वाह्य-अर्द्ध-वाह्यदशा का अबान्तर भेद रहने पर भी अप्रसिद्ध के कारण उसका उल्लेख नहीं हुआ। नित्यसिद्ध सखी-भाव को आश्रय न करके सिद्धरूप चिन्तन के द्वारा जो सेवा करता है उसकी सिद्धरुप के विना मानसी-सेवा नहीं होगी। जैसे मुण्ड न रहने के कारण उसको दर्द भी नहीं कही जाती है—वैसे आश्रय के अभाव से सिद्ध का असद्भाव होता है। तथापि श्रीकृष्ण-सेवा

की महिमा से वह सेवा व्यर्थ नहीं होगी।

सिद्ध रुप के अभाव के कारण साधक की जो सेवा है वह वैधी ही है, रागानुगा नहीं है। दूध-दधि-चिनी--कर्पूर के मिश्रण से शिखरिणी बनती है। उसमें चीनी का अभाव होने के कारण जैसे स्वाद नहीं होता है, वैसे ब्रजभाव वहाँ पर नहीं होता है। सर्वथा ब्रजलोकानुसार--सेवा न करने से धामान्तर की अर्थात् मथुरा-द्वाराका आदि की प्राप्ति होगी परन्तु ब्रजभाव की प्राप्ति नहीं होगी। तात्पर्य यह है कि–श्रीराधा-प्राणबन्धु की सेवा सर्वथा ब्रजलोकानुसार करनी होगी। आशङ्का यह हो सकती है कि भावनामय देहादि सब मिथ्या हैं क्यों कि जीव का उसमें अध्यास नहीं है। जैसे दूसरे के देहादि अवस्था में दूसरे का अभ्यास नहीं रहता है। इसलिए उसमें जीव का अभिमान भी नहीं हो सकता है, जैसे दूसरे के देहादि-अवस्था में अभिमान नही रहता है।

इस प्रकार शंका का उत्तर यह है कि–यदि भावनामयी अवस्था सत्य है. तब भावनामय देह सत्य क्यों नहीं होगा? यदि भावनामयी अवस्था में अध्यास-अभिमान भी होता है, तब भावनामय देह में आवेश व अभिमान क्यों नहीं होगा?

यदि स्वप्न-मनोरथ के मनोमय-देह में आवेश से उत्पन्न अभिमान के भाँति भावनामयी अवस्था में भी आवेश से उत्पन्न अभिभान होता है, तब उस प्रकार भावनामय देह में अभिमान क्यों नहीं होगा? यदि भावनामयी अवस्था सत्य होने के कारण आत्मान्वय होता है, तब भावनामय देह का भी आत्मा के साथ संयोग क्यों नहीं होगा।

इसलिए भावनामय देह भी सत्य है। स्व-पुंस्त्व–भावना के योग

व अयोग से पहले तटस्थ रूप से जो छः प्रकार सेवा वर्णित हुई है, उसके द्वारा मानसी सेवा का ही उत्कर्ष साधन होता है। तटस्थ रूप से परा जो छः प्रकार सेवा है, उससे यथास्थित देह में वाधित-अभिमान नाश का साधन हुआ है।

पूर्व अभिमान चित्-शक्ति-वृत्ति रूप है, पर अभिमान-मायावृत्ति रूप है। पूर्व साध्य है, और पर नाश्य है।

अतएव प्रथमा त्रिविधा सेवा कामानुगा के अन्तर्गत है—यह कथन निर्दोष है।

व्रजभाव होने से अनर्थ की निवृत्ति होती है। यहाँ पर विचार इस प्रकार है – सिद्धरूप आत्मवत् 'वियोग-विहीन' है। क्योंकि इससे तीन प्रकार सेवा सम्पन्न होती है। सिद्ध-साधक-गत आत्मा एक है, सिद्धरूप-गत आनन्द-आदि का उदय साधक रूप में होता है।

अभिमान भी सिद्ध-साधक-गत एक है, उभय के साथ ही आत्मा का अन्वय है। आरोप होने से साधक-रूप में सिद्ध-रूप गत अभिमान को प्रकाश-रूप जानना होगा वह उसमें भिन्न नहीं है। नहीं तो सिद्ध रूप की पूर्णता की हानि होगी।

इसके बाद तटस्थ रूप का बिचार हो रहा है। वृक्ष से पक्षी जैसे भिन्न है वैसे देह से आत्मा भिन्न है। भाव-आविर्भाव पर्यन्त देह में आत्मा का अभिमान वाधित-रूप से रहता है। देह की जब स्फूर्ति नहीं रहती है, तब वाधित आभिमान भी लीन होकर रहता है। देह की स्फूर्ति होनेसे वह अभिमान जागजाता है। जब तक अभिमान रहता है तब तक आत्मा-आरोपित से यह देह सत्य माना जावेगा। इसलिए इस देह से अन्य कर्म-धर्म

व अधर्म त्याग करना कर्त्तव्य है। जिससे रागानुगा-भक्ति की पुष्टि हो उस सिद्धान्त के अनुसार चलना होगा।

बह:तटस्थ देह दो प्रकार है, स्थूल व सूक्ष्म। वह प्रत्येक वृहद्-मध्यम-लघु भेद से तीन प्रकार हैं। वाह्य-दशा में साधक का सूक्ष्म ताटस्थ्य वृहद होता है। तटस्थ रूपमें स्थूल ताटस्थ्य वृहद है। अर्द्ध-वाह्य-दशा में साधक रूप में सूक्ष्म ताटस्थ्य मध्यम होता है। तटस्थ रुप में स्थूल ताटस्थ्य मध्यम है। अन्तर्दशा में साधक रूप में सूक्ष्म-ताटस्थ्य लघु है, तटस्थ रूप में स्थूल ताटस्थ्य लघु है।

अभिमान भी तीन प्रकार है-वृहत्-मध्यम तथा लघु। वाह्य दशा होने पर सिद्धरूप में अभिमान लघु है। तटस्थ रूप में अभिमान वृहत है, अर्द्ध वाह्य-दशा होने पर सिद्धरूप में अभिमान मध्यम है, तटस्थ-रूप में अभिमान मध्यम है। अन्तर्दशा होने पर सिद्धरूप में अभिमान-वृहत् है, तटस्थ रूप में अभिमान लघु है। केवल अन्तर्दशा होने पर सिद्धरूप में अभिमान अति वृहत् है। साधक-रूप में जो अभिमान है वह चित्शक्ति की वृत्तिरूप है। वह वाह्यदशादि में सिद्ध रूप के भांति लघु आदि रूप है। केवल वाह्यदशा में यथा-स्थित देह का अभिमान अति वृहत् है। स्थायी-दशा यदि कनिष्ठा है तब अन्य दशा भी कनिष्ठा होगी, स्थायी दशा मध्यमा होने से अन्य-दशा भी मध्यमा होगी, स्थायी दशा उत्तमा होने से अन्य-दशा भी उत्तमा होगी। तटस्थ का अभिमान प्राकृत है। साधक का अभिमान अप्राकृत है। इसलिए तटस्थ का साधक-रूप अवस्था नहीं होती. किन्तु अन्तर रूप अवस्था होती है। जैसे-

पारकादि रस संयोगसे ताबाँ सोना होता है वैसे वैष्णवी-दीक्षा ग्रहण से द्विजत्व होता है। इस वचन-प्रमाण से देहान्तरत्व-प्राप्ति सूचित होती है, किन्तु मिट्टी के घड़े की भाँति अवस्थान्तर प्राप्ति नहीं है। ऐसा होने पर वर्णाश्रम धर्म का अनुवर्त्तन होगा और उसका यथाविधि पालन न करने से प्रत्यवाय भी होगा। जैसे-साधक रूप से जो सेवा का अनुष्ठान होता है, उसको दूसरा जन यथास्थित देह से ही किया है ऐसा मानते हैं। इस प्रकार वर्णाश्रम रहित देह से की हुई सेवा को अन्य जन वर्णाश्रमी देह से ही की गई है ऐसा मानते हैं।

साधक रूप व यथास्थित देह का अन्वय सिद्धत्व है। जैसे लोभ के सद्भाव से अधिकारित्व रहने पर भी भावनामय देहारोप का नाश हो जाने पर वह साधकत्व फिर तटस्थ रूप से देहान्तर का प्राप्त होता हैं वैसे श्रद्धा के सद्भाव से अधिकारित्व रहने पर भी फिर वर्णाश्रम-धर्माचरण-कारी के द्वारा गृहीत श्रीभगवद् मन्त्र होने से उसका फिर देहान्तर प्राप्त होता हैं। अतएव साधकगत चित्त पृथक है। श्रीमद्भागवत के एकादश स्कन्ध का प्रसङ्ग इस प्रकार है। - ऋषिगण ने कहा-हे प्रभो ! स्वाभाविक रागादि के वशीभूत होकर अन्तःकरण विषय में प्रवृत्त होता है। एवं विषय-समस्त भी वासना-रूप से अन्तःकरण में प्रविष्ट होते हैं। अतएव विषय-वासना का अतिक्रम करने की इच्छा वाले मुमुक्षु के लिए वह दोंनों किस प्रकार से परस्पर परित्यक्त होते हैं ? यह आप बर्णन करें।

इसके उत्तर में श्री हंस भगवान् ने कहा-हेपुत्रगण ! अन्तः करण विषय में प्रवृत्त होता हैं, एवं विषय समस्त

भी अन्तःकरण में प्रविष्ट होते हैं किन्तु यह निश्चय जानना-विषय व अन्तःकरण मदात्मक जीव का अध्यस्त देहमात्र ही है, अतएव पुनः पुनः विषय-सेवा के द्वारा तत् संस्कार वशतः विषय में आविष्ट चित्त एवं वासना-रूप से चित्त से सम्भूत विषय समस्त को मेरे रूप का ध्यान करके परित्याग करें। यहाँ पर चित्त आदि की त्याज्य रूप में वर्णन किया गया है। अतएव साधक-रूप से चित्त आदि भिन्न हैं। मद्रूप होकर उसको छोड़ना होगा, तटस्थता त्याज्य है और साधकता ग्राह्य है।

जैसे कर्म समस्त शास्त्रीय हैं-वैसे वैधी-रागानुगा भी शास्त्रीय है। कर्माधिकारी को शास्त्रीय कर्म करने से लोग शास्त्रीय कर्त्ता कहते हैं, वैसे वैधी व रागानुगा-अधिकारी को भी शास्त्रानुसार आचरण करने से लोग शास्त्रीय कर्त्ता कहते हैं।

रागानुगा के दो प्रभेद सम्बन्धानुगा व कामानुगा—रूप से हैं, अतः यह भी शास्त्रीय है। जैसे सम्बन्धानुगा भक्ति का आचरण न करने से कामानुगा भक्त अशास्त्रीय नहीं होता है वैसे कामानुगा भक्ति का आचरण न करने पर भी सम्बन्धानुगा भक्त अशास्त्रीय नहीं होता है। तथा वैधी भक्ति का आचारण न करने से रागानुगा भक्त अशास्त्रीयकृत् नहीं होता है।

अत एव श्रीरघुनाथदास-गोस्वामी-चरण ने कहा है कि-रे मन! तुम असद्बार्त्ता रूप वेश्या को परित्याग कर, जो कि बुद्धि रूप सर्वस्व धन को हरण करती है। एवं मुक्ति रूप व्याघ्री की बात भी श्रवण न करना, वह सर्व शरीर को ग्रास कर लेगी। और श्रीलक्ष्मीनारायण की भक्तिको त्याग कर। क्योंकि वह तुम्हें आकाश मार्ग से-शून्य बात को दान करेगी, अतएव इन सबको

छोड़कर ब्रजभूमि में श्रीराधाकृष्ण का भजन कर, जो आत्म-स्थित प्रेम रूप मणि को दान करते हैं।

अधिकारी—लोभ से प्रवृत्त होने से वह भक्ति रागानुगा होगी, वह भक्ति रागानुगा नहीं होगी यदि अधिकारी का लोभ दूसरी बस्तुकी ओर रहे। तब ब्रजभाव भी नहीं होगा। शास्त्रीयता और प्रवृत्ति में लोभ, यह दोनों रहने से ही रागानुगा भक्ति होती है। अतएव श्रीमद्‌भागवत में श्रीव्यासदेव का आदेश यह है कि—अपने अपने अधिकार में निष्ठा ही गुण है इसका अभाव ही दोष-कारण है।

रागानुगा-भक्ति की शास्त्रीयता श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु ग्रन्थ में सुसिद्धान्त रूप से सुन्दर प्रतिपादन किया गया है। साधन, भाव, प्रेम यह तीन प्रकार से उत्तमा भक्ति का निरुपण हुआ है। उसमें से साधन-भक्ति दो प्रकार है बैधी व रागानुगा। रागानुगा-भक्ति वह है-जिसमें वैधी-भक्ति-लक्षण का अभाव है, और लोभ ही जिसका साधन है।

भावनामय रूप का आरोप से देश, काल, आदि का भी आरोप पाया जाता है और यह साधन की सिद्धि के लिए सुनिश्चित है।

भावनामय रूप के आरोप के द्वारा मानसी सेवा होती है, और इसमें श्रीकुण्डवास आदि समस्त प्रकार सेवा की भी सिद्धि होती है। सिद्धरूप में प्रेमवत् दशा स्थायी नहीं होती है। प्रेम होने से वह दशा स्थायी होती हैं और उसका नाम केवल अन्तर्दशा होगी। जैसे प्रीत्यादिरस में अन्य रस अनुभाव स्वरूप होकर मूल रस का वैशिष्ट्य को प्रकाश करते हुये अपना भी वैशिष्ट्य को प्रकाश करते हैं। नहीं तो उन सबों का अनु-

भावत्व की सिद्धि नहीं होगी। वैसे वैधी भक्ति में श्रवण-कीर्तन आदि जो अङ्ग कथित हुए हैं वे सब रागानुगा का भी अङ्ग हैं इस लिए उन सबने रागानुगा का वैशिष्टय को प्रकाश करते हुए अपना वैशिष्ट्य को भी प्रकाश किया है। ऐसा न होने पर उन सबों की रागानुगा की अङ्गता सिद्ध नहीं होगी।

वैधी भक्ति रागानुगा-भक्ति के बिना सिद्ध नहीं होती है, क्यों कि दोनों का अङ्ग एक ही है, किन्तु कर्म व्यतिरेक से सिद्ध है, और मन्त्र तन्त्र के छिद्र को नाम संकीर्त्तन से पूर्ण करना कर्त्तव्य है इस वचन से भी उक्त सिद्धान्त सिद्ध होता है।

रागानुगा से भिन्न वैधी भक्ति है। उसका लक्षण यह है कि—जहाँ पर भजन की प्रवृत्ति में राग प्राप्त न होकर शास्त्र के शासन से ही प्रवृत्ति होती है वह वैधी भक्ति है। यहाँ पर "यत्र" जहाँ पर यह शब्द सामान्य रूप से निर्देश हुआ है।

रागानुगा वैधी-भक्ति का अभाव से सिद्ध है, क्यों कि इसकी प्रवृत्ति में लोभ ही एक मात्र कारण है, सेवा तो साधक रूप से व सिद्ध रूप से ब्रजलोक के अनुसार करना ही कर्त्तव्य है। इस पद्य से भी यह सिद्ध हुआ है, और रागात्मिका अनुसृता यह विशेषण से भी रागानुगा भक्ति वैधी-भक्ति-व्यतिरेक रूप है-यह सिद्ध हुआ है। सामान्य निर्देश से विशेष निर्देष बलवान है। जहाँ पर प्रवृत्ति लोभ से होती है वह भक्ति रागानुगा कह-लाती है। यहाँ पर लक्षणा करने से वैधी ब्यतिरिक रा गानुगा का नहीं सिद्धत्व होगा। श्रुति व अनुमान के द्वारा जहाँ पर प्रत्यक्ष की वाधा होती है वहाँ पर सुबुद्धि पण्ड़ित गण ऐतिह्य को प्रमाण मानते हैं। पुराणमें यह सुनने में आता है कि कुरुपुर में रहते वाले-कोई वृद्ध वर्द्धकि श्रीनारद के उपदेश से श्रीनन्दनन्दन

की प्रतिमा को पुत्र—बुद्धि से भजन करके भाव-सिद्धि को प्राप्त किया था। साधक-देह से साधक की भक्तानुसारि सेवा के सम्बन्ध में स्कन्धपुराण का प्रमाण यह है। श्रीनन्दनन्दन ब्रजराज की प्रतिमा कहने से ब्रजेन्द्र की भाव—चेष्टानुसारिणी सेवा का निरसन हुआ। क्यों कि—श्रीनन्दराज ने साक्षात् श्रीकृष्ण को ही सेवा की। यहाँ पर सिद्ध शब्द से वत्सहरण लीला में जैसे श्रीकृष्ण सबों का पुत्र बने थे ऐसा समझना होगा। नन्दनन्दन की अधिष्ठान को इस शब्द से साधक रूपत्व प्राप्त हुआ है। दोनों के द्वारा सेवा में वर्द्धकित्व अनुपयुक्त होने के कारण-गोपजातित्व का आरोप आक्षेप बलसे प्राप्त हुआ है। "पुत्रतया" इससे श्रीब्रजेश्वरी के भाव की अनुसरणता को प्राप्त होता है, "भजन" इस शब्द से श्रीब्रजेश्वरी की चेष्टानुसरणता को प्राप्ति होती है। उक्त प्रकार-द्वय से भावनामयी ब्रजेश्वरी अनुगता गुणमय देह का आरोप भो प्राप्त होता है। क्योंकि भाव--क्रिया-जाति-गुण-द्रव्य—अनुकरणों में पर—स्पर सापेक्षता है। श्रीनारद के उपदेश से इस वाक्य से लोभ की प्राप्ति सूचित हुई है, इससे अधिकारिता प्राप्त होती है।

इस बात की पुष्टिके लिए यहाँ श्रीरतिमंजरी की प्रार्थना—वाक्य को उद्धृत कर रहे हैं। "वृन्दाबन महारानी निजप्राणेश्वरी हैं, उनके दर्शन बिना प्राण विदीर्ण हो रहा है। उनके श्रीचरण पद्म ही एक मात्र गति हैं, और उन श्रीचरण की सेवा को छोड़कर और कुछ भी मनमें नहीं अच्छी लगती है, उनके श्रीमुख-कमल-दर्शन-प्राप्ति के कारण उनके कुण्डतीर में पड़े हैं और निरन्तर उनके नाम गुणों का गान करते हुये अत्यन्त आर्ति के साथ व्याकुल होकर रोदन कर रहे हैं। हे देवि ! कब

कृपा होगी ?" उपरोक्त प्रसङ्ग से-साधकायमान रूप से साधक रूप प्राप्त होता है तथा केवल अन्तर्दशा का यहाँ अभाव है जानना।

"या ते कञ्चुली"-इस श्लोक से केवल अन्तर्दशा का ही विवरण है। स्वनियम—दशक स्तोत्र में भी इसका विवरण है—"मैं अपना प्रियतम बन्धुगण से परित्यक्त होकर अतिशय हिताहित ज्ञान शून्य हो गया हूँ। अतएव निरतिशय दुःख-समुद्र में मग्न होकर प्राण—धारण में सचेष्ट होकर दातों से तृण दबाकर सर्वदा दीनता से प्रार्थना कर रहा हूँ कि—आज स्वयं श्री गान्धर्वा श्रीराधा मुझको अपना चरण समीप में ले जाय"। ऐसा होने से श्रीकृष्ण की प्राप्ति भी अनायास से ही होगी। यहाँ पर भी केवल वाह्य—दशा ही है, अन्तर्दशा का अभाव है। केवल वाह्यदशा आदि की उत्तमता जैसे होती उसका वर्णन कर रहा हूँ। प्रेम के सान्निध्य में जो अन्तर्दशा है उसका सान्निध्य में जो स्वरूप है, अन्तर्दशा उस स्वरूप का अपकर्ष करती है। वह वहुकाल व्यापी नहीं होती है। केवल अन्तर्दशा की उत्तमता का विवरण इस प्रकार है—प्रेम के सन्निधान में जो सिद्ध रुप रहता है, उस सिद्धरुप का ह्रास जिससे होता है उसका नाम वाह्यदशा है। उस रुप का उत्कर्ष है अर्थात् वह वहुकाल व्यापी होता है जो अन्य सबोंको दूर करके अपने को प्रकाश करती है। अतएव वह उत्तमता कहलाती है।

आरोपगत वाह्यदशा-अर्द्धवाह्यदशा-अन्तर्दशा से जो अन्तर्दशा होती है उसकी उत्तमता इस प्रकार है—प्रेम के सन्निधान में जो केवलान्तर्दशा है—उसके समीप में जो स्वरूप रहता है उस सिद्धस्वरूप का वह अन्तर्दशा उत्कर्ष करती है और उस

समय वह बहुकाल व्यापि होकर रहती है।

स्फूर्तिगत वाह्य-अर्द्ध वाह्य-अन्तर्दशा स्फूर्ति में उपगत जो अन्तर्दशा है उसकी उत्तमता उस प्रकार है—प्रेम के सान्निध्य जो केवलान्तर्दशा है उस समय-अल्पकाल में ही प्रकाशित होती है। अतएव इससे उन सबों की उत्तमता होती है।

"रिरंसां सुष्ठु कुर्वन्"—इस पद्य के संशय मिटाने वाली श्री मुकुन्ददास-गोस्वामि पाद निर्मिता व्याख्या को सुधीगण अवश्य अवलोकन करें। व्याख्या इस प्रकार है – श्रीनन्दनन्दन के सुख के लिए उनकी रमणेच्छा को सुन्दर रुप से सम्पन्न करने की इच्छा से, इस वाक्य से रागानुगा-भक्ति के द्वारा ही ब्रज में श्रीकृष्ण की सेवा होगी – यह दिखलाई है। विधि-मार्ग से इसके द्वारा—साधक रूप से विधि-भक्ति के द्वारा सेवा दिखलाई है। "केवलेन" इस पद से रागानुगा मिश्र भाव से सेवा होने से मथुरा में महिषीत्व की प्राप्ति होगी।

अभिलाष रहने पर यथोचित साधन से ब्रजलोकानुसार शुद्ध रागानुगीय पद्धति द्वारा ब्रज में श्रीकृष्ण की प्राप्ति होगी यह दिखलाया गया है।

साधन का वैषम्य होने से ब्रजमें श्रीकृष्ण की प्राप्ति नहीं होगी यह नागपत्नियों ने कही है-श्रीनारायण की वक्ष:स्थिता लक्ष्मी श्रीकृष्ण-सेवा-प्राप्ति को इच्छा से चिरकाल तक तपस्या करके भी नहीं पायी है। यहाँ पर सेवा-प्राप्ति के अधिकारी निर्णय में प्रवृत्ति में लोभ और ब्रजजन के आनुगत्य अनिवार्य है यह दिखलाया है। वैधीभक्ति से भी सेवा दिखलाई है। मथुरा में महिषीत्व की प्राप्ति होगी इस प्रकार श्लोकमें वाक्य-योजना होगीकि-केवल विधि मार्ग से-रागानुगामिश्र विधिमार्ग से गोलोक प्राप्ति

होगी इसके अभाव से ब्रज प्राप्ति होगी यह सूचित हुआ है।

रागानुगा-विवृति पहले मैंने की है—उसी का परिष्कार करने के लिए यहाँ पर पुनः विवेचन किया है।

श्रीमुकुन्द दास गोस्वामी ने श्रीरुप-गोस्वामी कृत भक्ति-रसामृत-सिन्धु की उत्तम व्याख्या की है। उनकी परम-कृपा से ही मैं ने शास्त्र ज्ञान प्राप्त किया है और गुरुवर श्रीकृष्णचरण मेरी एकमात्र गति हैं।

तटस्थ रुप में जो अभिमान होता है वह अप्राकृत है। क्यों कि प्राकृत अभिमान वाधित होता है। साधक रूप में भी अभिमान अप्राकृत है, किन्तु उसमें व्यतिरेक-सिद्धत्व नहीं है। क्यों कि वाधित अभिमान का अन्वय वहाँ पर होता है। सिद्ध रूप में अप्राकृत अभिमान है और यह ब्यतिरेक से सिद्ध है। वाधित अप्राकृत–अभिमान का अन्वय नहीं होता है। केवल वाह्यदशामें वाधित प्राकृत तथा अवाधित अप्राकृत-अभिमान रूप अवान्तर भेदद्वय विशिष्ट यथास्थित रूपगत—अभिमान चतुष्पाद है। क्योंकि तत्र वाधित प्राकृत–अभिमान–विषय की अस्फूर्ति होती है। वाह्य दशा में प्राकृत–अभिमान के विषयों की अस्फूर्ति होने के कारण वाधित अप्राकृताभिमान तीन पाद स्वरूप होता है। अर्द्ध वाह्य–दशा काल में वाधिताभिमान पहले से अलग रूप से होकर विद्यमान रहता है, इसलिए बाधित अप्राकृत–अभिमान द्विपाद स्वरूप होता है। वाधित अप्राकृत–अभिमान पहले थोड़ा होता है, अन्तर्दशा में अवाधित प्राकृत अभिमान एक पाद स्वरूप होता है। वाह्यदशा मे वाधित अप्राकृत अभिमान का बाहुल्य होने के कारण वाधित--अप्राकृत अभिमान विशेष की अल्पता होती है। अर्द्धवाह्य दशा में वाधित

अप्राकृत अभिमान का मध्मम होने के कारण बाधित-अप्राकृत अभिमान विशेष की मध्यमता होता है। अन्तर्दशा में वाधित अप्राकृत अभिमान की अल्पता होने के कारण वाधित-अप्राकृत अभिमान विशेष का वाहुल्य है। सत्व वाधित होने पर शुद्ध-सत्त्व का प्राधान्य होता है। शुद्ध-सत्त्व का वाध होने पर शुद्ध सत्व विशेष का प्राधान्य होता है। इसलिए शुद्ध-सत्त्व का प्राधान्य के द्वारा ही तटस्थरूप होता है और शुद्ध-सत्त्व का प्राधान्य से साधक रूप होता है। केवल शुद्ध-सत्त्व विशेष रूप से सिद्ध रूप होता है, अतएव स्थूल ताटस्थ्यरूप वाधित प्राकृत है, सूक्ष्मताटस्थ्य अप्राकृत है। वाधित सूक्ष्म ताटस्थ्य जैसे-कभी भी साधक रूप को त्याग नहीं करता है वैसे वाधित-स्थूल ताटस्थ्य तटस्थ रूप को भी नहीं छोड़ता है। अतएव तटस्थ रूप में अभिमान का जो अप्राकृतत्त्व है, वह अप्राकृत अभिमान का अंश स्वरूप ह यह कहने के अभिप्राय से है। किन्तु तटस्थ रूप स्वर्ण स्थानीय है। उसमें अवाधित अभिमान का योग स्पर्शमणि स्थानीय है। साधक-रूप रत्न स्थानीय है, उसमें भी अधिक-अवाधित-अप्राकृत अभिमान—विशेष का योग है, तटस्थ रूप में वाधित अभिमान का अंश रहने के कारण सदा स्वरूप-संप्राप्तत्व रूप गुणांश नहीं है।

श्रीकृष्ण के गुण-वर्णन में कहा गया है कि-सत्यवाक् से लेकर श्रीमान् पर्यन्त श्रीकृष्ण में जिन सब गुणों का वर्णन हुआ है वे सब गुण श्रीकृष्णभक्त में भी होते हैं। साधक रूप में उसके अंश का अभाव होने के कारण उक्त गुणों का अंश रहता है। जैसे-बुद्धिस्तदाश्रया है, इस वाक्य में-भगवान् सर्वत्र रहने पर भी प्रकृति के गुणों स लिप्त नहीं होते हैं, वैसे साधक

प्रकृति–बुद्धि का आश्रय करने पर भी प्रकृति अभिमान विषय आदि की स्फूर्त्ति नहीं होती है। अभिमान वाधित होने से ही तटस्थ भी वाधित होता है। अभिमान प्राकृत होने से ही ताट–स्थ्य का प्राकृतत्त्व होता है, अवाधित सूक्ष्म–ताटस्थ्य वाधित स्थूल ताटस्थ्यसम्पर्क से स्थूल-शब्द—वाच्य होता है, स्फूर्ति के आरोप के बिना यदि चार दशाएं हैं तब वाह्यादि वाधित रूप–तटस्थ नहीं होता है।

रागानुगा का तटस्थ लक्षण:—रागानुगा—अधिकारि लक्षण के आधीन है। रागानुगा—लक्षण से ही रागानुगा के स्वरूप लक्षण प्राप्त होता है। साधन–भक्ति लक्षणा से ही वैधी भक्ति का स्वरूप लक्षण प्राप्त होता है। वैध—भक्तयधिकारी लक्षण से ही वैधी भक्ति के तटस्थ लक्षण आता है, वैधी भक्ति लक्षण में उसका अनुवाद ही हुआ है। स्वरूप–लक्षण और तटस्थ लक्षण परस्पर सापेक्ष है, जैसे "अन्याभिलाषिता" यहाँ पर सामान्य रूपसे उत्तमा भक्ति का विधेय हुआ है। स्वरूप-लक्षण तटस्थ-लक्षण परस्पर सापेक्ष है। वैधी–रागानुगा विधेय है। वैधी–रागानुगा का तटस्थ लक्षण विपर्यय होने से भी वैधी—स्वरूप को नहीं छोड़तो। वह अन्वय सिद्ध है। रागानुगा—रागानुगा नहीं है—इसलिये स्वरूप को छोड़कर आभाषता को प्राप्त होती हैं। वह व्यतिरेक सिद्ध है। जसे सामान्य—उत्तमा भक्ति का तटस्थ लक्षण का अन्यथा होने से भक्ति नहीं होती है, इसलिए वह आभाषता प्राप्त होती है। क्योंकि व्यतिरेक सिद्ध है। जैसे सामान्य—उत्तमा भक्ति व्यतिरेक सिद्ध होने से सामान्य उत्तमा भक्ति का स्वरूप लक्षण रहने पर भी सामान्य लक्षण का अभाव से उस का प्रभेद रूप 'मुमुक्षु' में यह रति नहीं होती है, इस वचन से स्वरूप त्याग होने से आभाषता होती है।

इस प्रकार सामान्य उत्तमा भक्ति व्यतिरेक सिद्ध होने से, सामान्य उत्तमा भक्ति का स्वरूप लक्षण रहने पर भी तटस्थ लक्षण का अभाव से उसका प्रभेद रूप साधन भक्ति मुमुक्षु-आदि में नहीं होती है—यह स्वरूप त्याग से आभा-षता होती है। अतएव सामान्य भक्ति में उत्तमता विशेषण का ग्रहण हुआ है। और यह तटस्थ लक्षण भावप्राप्ताभाषता का निराकरण के लिये है। "भक्तिरुत्तमा"-शब्द से भक्त्या-भाष अनुत्तम है यह जानना होगा। अन्यथा "सर्वोपाधि—विनिर्मुक्त" इस पद्य की विधेय-तुल्यता के अभाव से अप्रामा-ण्यता होगी। पहले रागानुगा-लक्षण की व्याख्या विशेष रूप से करने के लिये वैधी भक्ति का एक देश प्रदर्शन के द्वारा व्यतिरेक सिद्धता को स्वीकार करके-"यत्र रागानवाप्तत्वात्" यहाँ पर रागशब्द की विशेष व्याख्या दिखलायी है। यह राग से-अर्थात् लोभ से यह जानना होगा।

जब वैधी-भक्ति रागानुगा से स्वरूपलक्षण व तटस्थलक्षण के द्वारा भिन्न होती है तब वह व्यतिरेक सिद्धा होती है। जब स्वरूप लक्षण व तटस्थ लक्षण से अभिन्ना होती है तब अन्वय-सिद्धा है। "सर्वोपाधि"—यह विशेषण रहने के कारण वैधी भक्ति व रागानुगा भक्ति कर्मज्ञान व्यतिरेक सिद्धा हुई।

"कृष्णं स्मरन्" यहाँ पर निजसमीहित कृष्ण और उनके प्रियजन से अन्य स्मरण-कीर्त्तन-श्रवण आदि व श्रीव्रज से भिन्न स्थान में वास भी तटस्थ—लक्षण से प्राप्त हुआ, इस-लिए रागानुगा-वैधी व्यतिरेक सिद्धा है।

और भी 'ईश्वरे तदधीनेषु' यहाँ पर तटस्थ रूपगत

वाधित-अभिमानांश व साधक—रूपगत वाधित-अभिमानांश रहने से अन्वय-सिद्धता के कारण साधक-भक्तत्व है।

"सर्वभुतेषु" यहाँ पर उस उस अंश का अभाव से व्यतिरेक सिद्ध होने के कारण सिद्ध-भक्तत्व हैं। पहले "तदधीनेषु मैत्री" यहाँ पर साधक—रूपगत वाधित-अभिमानांश—विद्यमान है। तटस्थ—रूपगत वाधित अभिमानांश रहने के कारण वालिशों के प्रति (मूर्खों के प्रति) कृपा, व द्वेष करने वालों के प्रतीक्षा होती है उक्त अभिमानांश का अभाव से ही "सर्वभूतेषु भगवद्भावं" समस्त भूतों में भगवद् भाव होता है। श्रीभगवान् में प्रेम होने के कारण से ही उनके अधीन जनों में भगवत् भावावलोकन होता है। यह भीं जिसमें भगवत् प्रीति है उसके प्रति होता है।

"प्रेममैत्री"—यहाँ पर प्रेम शब्दसे भाव जानना होगा, भगवद् परिकरत्व का अनुसन्धान न रहने के कारण मूर्ख व द्वेषी जनों में भगवद्भावावलोकन होता है। वह भी जात प्रेमो भक्त के लिए है—जिसमें सदा ही अन्तर्दशा रहती है, अतएव भगवद् भावा वलोकन शब्द से-भगवद्-प्रेम-अवलोकन ही जानना होगा। अतएव—अनिर्वचनीय भाग्यातिशय से श्रद्धा होने के कारण—चन्द्रकांति प्रभृति में वैधीभक्ति का उदय हुआ है। वह भी कर्मज्ञान व्यतिरेक सिद्ध है। कृष्ण और उनके भक्तों की करूणा-लाभ होने के कारण रागानुगा सूर्य का उदय होता है, यह भी अन्वय सिद्ध है यह दिखलाकर विशेष व्याख्या की गई है। वह भी लोभ से है।

श्रद्धाहेतु—गुरुपादाश्रय रजनी-स्थानीय है, कृष्ण और उनके

भक्तों की करुणा से प्राप्त गुरुपादाश्रय का सूर्यकान्ति स्थानीयत्व है। प्रारब्ध—कृत स्थूल शरीर है, अनादि अविद्याकृत—लिङ्ग शरीर है। श्रीगुरुपादाश्रय मात्र से पूर्व का नाश होता है और प्रेम होने पर पर अवस्था का नाश होता है। वह भी क्रम पूर्वक होता हं। पूर्व का नाश होने स देहान्तर होता है, पर का नाश होने से भी देहान्तर होता है।

रागानुगा में सिद्ध रूप का अजात प्रेम होने के कारण सिद्धायमान है। तटस्थ रूप का पोषक होने पर भी साक्षात् इष्ट-प्रापकत्व नहीं होता है, दोनों की कहने की इच्छा न होने के कारण पूर्व देहान्तर एक ही है, अतएव इसका साधक रूप से भक्तों का साधक व सिद्ध दो भेद है। श्रीकृष्ण और उनके भक्तों की करूणा से प्राप्त श्रीगुरूपादाश्रय का पूर्वकृत वैध भक्ति का अपगमत्व होने पर भी जो अबिद्या से अनिवर्त्तकत्व है वह उसके फल रूप प्रेम का उत्कर्ष ख्यापन के लिये है।

अविद्या का नाश प्रेम से ही होता है, साधन से नहीं। किन्तु अविद्या के वाधित रूप से तटस्थ रूप के द्वारा रागानुगा उसके अभाव से सिद्ध होती हे। प्रयोग इस प्रकार है–जात भाव होने पर भी भक्त साधक है। क्योंकि शूक्ष्म–ताटस्थ्यांश की विद्यमानता है। एवं जात अन्तर्दशा भी साधक है क्योंकि सूक्ष्म ताटस्थ्यांश की विद्यमानता है। केवल अन्तर्दशा में अन्तर्दशा-गत भावना का तिरोधान होने के कारण भावनामय सिद्ध रूप भी भावना का व्यतिरेक सिद्ध है। जैसे ज्ञानमय-कैवल्य का ज्ञान होने से निर्गुणत्व होता है। स्फूर्त्ति में भावना ही उपादान है। केवल अन्तर्दशा में भावना उपादान व निमित्र भी है। यहाँ पर प्रकृत वचन में मयट् है और अमूर्त्तत्व अर्थ है। दूसरा स्थल में

विकार व प्राधान्यार्थ में मयट् है मूर्ति-रूप से ही विकार है। यह भी श्रीनन्दनन्दन की अचिन्त्य-शक्ति से ही है। उसका प्राधान्य के कारण वह निमित्त है। निमित्त का अभाव से नैमित्तिक का भी अभाव होता है, इस नियम से अन्तर्दशा गत भावना का उदय न होने से सिद्धगत चेष्टा का भी उदय नहीं होता है और सिद्ध-रूप का अमूर्त्तत्व होने पर भी असाक्षात् रूपत्व है। सिद्ध रूप का व्यतिरेक सिद्ध होने से भी रसना में दो वस्तुओं के संयोग की भाँति साधक रूप के साथ समवेतता हैं। यह भी श्रीनन्दनन्दन की अचिन्त्य शक्ति से है।

मैं अमुक का पुत्र हूँ, भाई हूँ, अमुक मेरा पुत्र है, यह सब अभिमान प्राकृत है। मैं अमुक का सेवक हूँ, अमुक मेरा सतीर्थ है, अमुक मेरा शिष्य है इत्यादि-अभिमान अप्राकृत है। मैं अमुक मञ्जरी की अनुगा हूँ वह मेरी मञ्जरी है, वह सखी मेरी अनुगा है-यह सब अभिमान प्राकृतेतर है। यह अभिमान विशेष ही साध्य है-पूर्व अभिमान वाधित है।

श्रीचन्द्रकान्ति कामानुगीय भाव प्रेम का ही उदाहरण स्थानीय है कामानुगा का नहीं। सम्भोगेच्छामयी कामानुगा का तत्तत्-भावेच्छात्मिका जो मुख्य प्रभेद हैं-इसके लिए वह उदाहरण उठाया नहीं गया। उसका उदाहरण यह है— पद्म-पुराण में वर्णित है कि-प्रवोधनी रात्रि जागरण प्रसङ्ग में एक बाला ने उस प्रकार मनोरथ के साथ उत्सुकता पूर्वक मनोहर नृत्य करती हुई श्री हरि की प्रीति के लिए समस्त रात्रि का जागरण किया।

रागानुगीय भावोत्थ का उदाहरण यह है कि-वरानना चन्द्र कांतिने पति की कामना नहीं की किन्तु वह श्रीकृष्ण-चरित्र को

गाती हुई सात्त्विक भावों से विभूषता होती थी। वह इसी मन्व न्तर में ही श्रीकृष्ण की प्रिय वार्ता के द्वारा सिद्ध मनोरथ हुई। श्रीमूर्त्ति-माधुरी को देखकर लोभ उत्पन्न हुआ, इसलिए यह सम्भोगेच्छामयो है। श्रीमुकुन्द-दास-गोस्वामी -कृत श्रीभक्ति-रसामृत ग्रन्थ की टीका-'रत्नाल्पदीपिका' में यह बात स्पष्ट रूप में है।

'प्रवोधनी-निशानृत्य--माहात्म्यभरदर्शिनीं' इस वाक्य में जो नृत्य का प्रसङ्ग है वह साधक रूप से किया गया है, अतएव रास-नृत्य का अनुकरण प्राप्त होने से इसमें रागानुगात्व है। उसकी चिन्ता इस प्रकार थी-बहुत नारियों के मध्य मे मैं अधिक प्रीतिमती हूँ, नृत्य करते करते श्रीकृष्णने मेरा कण्ठ को आश्लेष किया है यह मनोरथ इससे प्रकट हुआ। रासदि--नृत्य सिद्ध रूप से हुआ है यह भी सिद्ध साधक रूप बीणा-वैणिक तुल्य है।

सिद्धरुपगत त्रिविध रागानुगा का उदय होने पर साधक-रूपगत रागानुगामय भावना ही निमित्त है, यदि सिद्धरुप से रागानुगा हो तब साधक रुप से मानसी सेवा भी रागानुगा होगी, अतएव रागानुगा में साधक रुपगत वाचिक-कायिक-वैधांश का असम्भव होने पर भी--''रिरंसां'' यहाँ पर 'केवलेन' यह शब्द से साधक रुपगत कायिक-वाचिक-लोकापेक्षाकृत वैधी अंश से अन्य की मिश्रण की अपेक्षा से यह मानसी रागानुगा स्फूर्त्ति रूपा होगी। 'केवलेन' इस शब्द से-व्यक्तिरेक प्रदर्शनगत सिद्ध-रुप-गत स्फूर्ति सिद्धरुप के अन्तर्भाव के कारण उसके मिश्रण की अपेक्षा से होती है। यहाँ पर मिश्रण-लोकापेक्षाकृत-त्रिबिध वैधी भक्ति का ही है।

उसके समवेत का अथवा केवल का श्रेष्ट सम्पादक रूप से

कृत-तटस्थ-रुप कृत सेवा का मिश्रण होने पर, साधक रुप कृत रागानुगा का प्रधान होने पर भी अप्रधान रुप से मिलन है। मिलन--लोकापेक्षाकृत वैधी—अंश का नाश होने पर-साधक रुपगत शुद्ध रागानुगा होने पर तटस्थ--रूपाचरणांश का वैधी होने पर दोनों का मिलन है।

साधक रुप से रागानुगा सिद्धरुप से वैधी व्यतिरेक का प्रदर्शन-स्थूल दृष्टि से है—सूक्ष्म दृष्टि से नहीं।

साधक-रुप-गत मानसी सेवा का वैधीत्व के बिना सिद्धरुपगत सेवा का भी वैधीत्व नहीं होगा। यह भी साधक-रुपगत भावना के अनुरूप होता है।

"आश्रयस्य विना भावात्" इस न्याय से सिद्धरुप से वैधी होने पर भी साधक-रुपगत मानसी सेवा वैधी होती है।

साधक रुप से मानसी सेवा वैधी होने पर तद्गत कायिक-वाचिक यह रागानुगा के दो भेद भी दुर्घट है। अतएव यह वैधी की अष्टादश 'अठारह' संख्या है, इनमें से एक वैधी भक्ति का भी यदि अनुसरण हो, तब ब्रजप्राप्ति नहीं होगी। इसलिए श्री ब्रजवृन्दाबन में श्री राधाप्राणबन्धु की प्रेम सेवा प्राप्ति की इच्छा हो तो सर्वदा ब्रजलोकानुसार ही सेवा करना कर्त्तव्य है। अष्टादश में से प्रत्येक का-व्यतिरेक सिद्धत्व होना रागानुगा साधन के लिए दुर्घट है।

तटस्थ रूप आचरण का रागानुगा से भिन्न होने पर भी —जो व्यतिरेक से दिखलाई गई है-वह वैधीगत है इस लिये कि-तटस्थ स्वरूप आचरण भी रागानुगा का पोषक ही है।

"यत्र रागानवाप्तत्वात्" यहाँ पर राग शब्द का दो अर्थ दिखलाया गया है । वह भी श्रीनन्दनन्दन व उनके भक्तों के कारूण्य से प्राप्त है-यह जानना होगा। अतएव उसी क्रम से लोभ को ब्रज--लोकानुसार रूप से ही जानना होगा। जैसे वैणिक की गीति के बिना वीणा से भी गीति उत्पन्ना नहीं होती, वैसे साधकरूपाख्या सेवा के बिना रागानुगा सवा भी सिद्ध नहीं होगी। यह भी सिद्ध रूपगता है-इसमें कोई सन्देह नहीं है। सिद्धरूप का सत्यत्व-असत्यत्व के विचार से हो तटस्थ का भी उक्त दो रूप होगा इसमें कोई संशय नहीं है।

आचार्य —गण आन्तर—मनोवृत्ति में स्फोट को मानते हैं, स्फोट से ही अन्तरङ्ग जन का प्रकाश होता है, वह जिससे प्रकाश होता है, वह जन भी उस स्वरूप को प्राप्त होता है। यहाँ पर आन्तर—स्फोट रहस्य स्वरूप है, वैदिकगण इसको "विन्दु" कहते हैं, पौराणिक "भाव" कहते हैं, आलङ्कारिक "ध्यनि" कहते हैं, नाटकज्ञ "स्वगत" कहते हैं। वैयाकरण आन्तरस्फोट कहते हैं। सबों के मत समान है।

क्योंकि -यह सब बाहर स्फोट से भिन्न है, वह भी पद-पदार्थों से अतिरिक्त है। बाहर स्फोट के अतिरिक्त आकाश के गुण शब्द को कोई सज्जन-"आलंकारिक गण" पूर्वाबस्था "अव्यक्तनाद" करके मानते हैं, कोई परावस्था-"नाद"-मानते हैं। आन्तर स्फोट दो प्रकार होता है-कविनिबन्ध-गत और कविगत। "रहस्य"-आन्तर स्फोट है, यदि-वहि स्फोट हो तब उससे उत्पन्न है यह जानना होगा। ग्रन्थकार के द्वारा सिद्धान्त-स्थापन की मर्यादा उल्लंघन ही इससे होता है, जहाँ पर श्रुति

और अनुमान से प्रत्यक्ष का विरोध होता है, वहाँ पर भाव को ही बुद्धिमान् लोग मानते हैं। यहाँ पर "भाव" आन्तरस्फोट है। वह भी उक्त दोनों के होने से ही होगा। वह भी निश्चय होने से श्रीब्रजजन भाव का प्रापक-रागानुगा के लिए दुर्लभ है। इसलिए लोग समस्त उभय साधनों से भ्रष्ट होकर अच्छृङ्खल होंगे अतएव आचार्यों ने श्रेष्ठ जन जैसा आचरण करते हैं, इतरजन भी उसी का अनुसरण करते हैं। इसलिये वैधी भक्ति-रूप से प्रतीयमान रागानुगा के अङ्ग से भिन्न अंगों को तटस्थ-रूप से आचरण करना कर्त्तव्य है।

सिद्धान्त मे आन्तर-स्फोट माना गया है। अतएव केवल अन्तर्दशा होने पर सिद्धरूप होता है यह आन्तर-स्फोट है। यह रहस्य है जिसका लोभ हुआ है। और मध्य मध्य में जो अन्तर्दशा होती है उसी का रहस्य आन्तर-स्फोट है वह वहि: स्फोट नही होता है।

यहाँ पर विशेष रूप से कुछ कहना उचित है—प्रथम जो साधन है वह अन्य तीन साधनों से भिन्न है। "इष्टे स्वारसिकी राग:" यहाँ रागानुगा के विवेक केलिये पहले रागात्मिका को कहते हैं इस वाक्य का यह ही आता है।'आविष्टता' इससे रागानुगा का आचरण भी दुष्कर है यह जाना जाता है। "भेदद्वयस्वीकाराय" यह भेदद्वय भी सेवा में है, मानसी-सेवा में चेष्टित सेवा को न कहने की इच्छा से और राग से अभिन्नता स्थापन करने के लिए है।"'साधकरूपेन मानसी विहिता" यहाँ पर मानसी-सेवा दो प्रकार की है आरोप और स्फूर्त्ति-रूप से। "लुब्धै:" यह पद भी उन दोनों के होने से होगी यह सूचित करने के लिए है। कामानुगा में वेश का अनुकरण करना सर्वथा निषध है यह

भी ध्वनित हुआ।

कामानुगा मुख्य है इसलिए सम्बन्धानुगा का उपदेश किया गया है। "भावचेष्टितमुद्रया" यहाँ पर भाव मन की आविष्टता है। यह भी अजहत् लक्षणा-सिद्ध है, भाव-मुद्रा भी दुष्कर है। यहाँ लक्षणा-प्रयोजनवती है। यहाँ भाव के साथ मन की आविष्टता प्रयोजन है। यहाँ पर असंलक्ष्य-व्यङ्ग्यक्रम ध्वनि न होगी किन्तु संलक्ष्य-व्यङ्ग्यक्रम ध्वनि होगी। अजहत् स्वार्थ-लक्षणा से आविष्टता का अनुवाद हुआ है। वह भी उसका स्वरूप के ज्ञापनांश का सद्भाव होने पर भी अनुकरण के योग्य उसका कार्यस्वरूप-ज्ञापनांश सद्भाव से है।

आविष्टता का—अजहत् स्वार्थ—लक्षणा के आश्रय होने के कारण उसका कारण रूप भावगत अजहत् स्वार्थलक्षणा का विषयत्व ध्वनित हुआ है। इससे विधेय का भी अजहत्-स्वार्थ-लक्षणाश्रयत्व ध्वनित होता है। इससे विधेय राग-चेष्टित का भी विधेयत्व प्राप्त हुआ है। "लुब्धै" इससे उत्तम काव्य विख्यात हुआ। ध्वनि के सद्भाव से ध्वनन-प्रतिध्वनत-अनु-ध्वनन के रहने से "इष्टे" यहाँ पर उत्तमोत्तम काव्यता हुई।

"तत्तद्भावादि-माधुर्ये" यहाँ पर लोभ के अनुमान में व्यतिरेकी हेतु है। "शास्त्रयुक्ति-अनपेक्षणं" ऐकान्तिकी हेतु यहाँ पर लक्षण-स्वरूप-अभेद की विवक्षा से है।

"याते" इस पद्या पञ्चदश का आस्वादन प्रकार—इस प्रकार है। पहले आरोप व स्फूर्ति के विचार से लोभ व साधु सङ्ग के सद्भाव होने पर भी पहले स्थायित्व नहीं है, केवला-न्तर्दशा में ही सिद्ध-रूप की अनुभूति होगी, ब्रजजनानुसार

भजन से ही श्रीरूप की कृपा होगी। चारों दशा का फल बाह्य है। उसको छोड़कर इस विवृति की प्रयोजिका नहीं है। रस दो प्रकार है प्राकृत व अप्राकृत। प्राकृत में बत्सलत्वादि स्व-देह मूलक है और अप्राकृत में देहरति बत्सलत्वादि मूलक है। पाद्मोत्तरखण्ड में कथित हुआ है कि–कुत्ते की पूंछ को पकड़–कर समुद्र पार होने की भांति—रागोपसना को छोडकर श्री ब्रजेन्द्रनन्दन की प्राप्ति की इच्छा दूसरी उपासना से भी वैसी है।

हरेर्निःशुल्कदासेन वृन्दावन—निवासिना।
श्रीगान्धर्वाविनोदाय भाषेयं पूर्णता कृता॥

इति श्रीरूप-कविश्वर कृत रागानुगाविवृतिभाषा समाप्त हुई।

श्रील गोवर्द्धन भट्टमहोदय ने रूप सनातन स्तोत्र में कहा है –

हित्वा रूपपदाम्बुजं भवति यो राधाङ्घ्रिदास्योत्सुक–
स्तुङ्गं गेहमसौ तनोति न कथं रम्ये स्थले सैकते।
वाहुभ्यां त्रिदिवं स्पृशेन्नहि कथं नो वा कथं च्छादयेत्
तूर्णं भूरिरजोभिरम्बरमणिं पङ्गु न किं चालयेत्॥२१॥

जो रूप के चरणकमलों का परित्याग कर श्रीराधाचरणों की दास्यता को प्राप्त करने के लिये उत्सुक होता है वह व्यक्ति वृक्षों से रहित मरुभूमि प्रदेश में क्यों ऊंचे गृह का निर्म्माण नहीं करता है। वह अपने वाहुओं के द्वारा स्वर्ग (आकाश) का स्पर्श करने को क्यों नहीं जाता है। अथवा वह प्रचुर रजों के द्वारा आकाश में सूर्य को क्यों नहीं ढकना चाहता है। किम्बा

पंगु को क्यों नहीं चलाता है। तात्पर्य्य-श्रीरूप के बिना राधा-दास्य अत्यन्त असम्भव है ॥ २१ ॥

कः श्रीभागवतस्य तत्वममलं बोद्धुं क्षमो भूतले
को वृन्दावनमाधुरीं कलयितुं वक्तुं च धत्ते मतिम् ।
गोष्ठेन्द्रात्मजरूपमद्भूततमं को वा नयेन्मानसं
श्रीमन्तं करुणाकरं गुणनिधिं रूपं सबन्धुं बिना ॥२४॥

श्रीमान्, करुणाकर, गुणसागर सबन्धु रूप के बिना कौन व्यक्ति इस भूतल में श्रीभागवत के विशुद्धतत्व को जानने में समर्थ होता है? कौन वा श्रीवृन्दाबन माधुरी का अवलोकन तथा बोलने के लिये समर्थ बुद्धि धारण कर सकता है। गोप—राजनंदन श्रीहरि के अद्भुतरूप को कौन हृदय में ला सकता है। अर्थात् श्रीरूपगोस्वामी की कृपा के बिना इन सबों की प्राप्ति असम्भव है ॥ २४ ॥

वैराग्यं विधिरागभक्तिममलान्नाना रसान् द्वादश
प्रेमानं व्रजवासिनां शुकमुखैर्विप्रर्षिभिः संस्तुतम् ।
गोपीनां परमां लसत्परमहाभावां समर्थां रतिं
राधायाश्चिह मादनं वद सखे को वेत्ति रूपं बिना ॥२८॥

हे सखे कहोतो श्रीरूप के बिना वैराग्य,विधिभक्ति, रागानुगा भक्ति, विशुद्ध द्वादसरस, व्रजवासियों का प्रेम, शुक प्रमुख रसिक ऋषि वरों से संस्तुत गोपियों का परमोत्कृष्ट महाभाव, समर्थारति तथा श्रीराधिका के मादनाख्य–महाभाव इन सबको कौन जान सकता है । अर्थात् कोई नहीं । आपने भक्तिरसामृत-सिन्धु तथा उज्ज्वलनीलमणि नामक दोनों ग्रन्थों में इन सबका सरस विस्तर वर्णन क्रिया है ॥ २८ ॥

प्रकाशक—
(कृष्णदास बाबा)

गुरुः शास्त्रं श्रद्धा रुचिनुगतिः सिद्धिरिति मे
यदेतत् तत्सर्वं चरणकमलं राजति ययोः ।
कृपापूरस्पन्दस्नपितनयनाम्भोजयुगली
सदा राधाकृष्णावशरणगती तौ मम गतिः ॥

(भक्तिसन्दर्भे)

मुद्रक :—

पं० प्यारेलाल शर्मा

श्रीविजयप्रेस, बल्लीगञ्ज, वृन्दाबन ।